वर्ष-10, अंक-181
इन्दौर, रविवार
29 सितम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

### चाणक्य नीति

चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डाँटना भी आवश्यक है। -चाणक्य



इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

## न्यूज़ ब्रीफ

### ट्रेन से कटकर तीन महिलाओं की दर्दनाक मौत



दरभंगा (एजेंसी)। बिहार के दरभंगा में ककरघट्टी शिशो के बीच बन रहे बाईपास रेलवे स्टेशन के रेल लाइन के पास तीन महिलाएं ट्रेन की चपेट में आ गईं। ट्रेन की चपेट में आने से गोपालपुर में इन तीन महिलाओं की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। तीनो महिलाएं एक ही परिवार की हैं. दरभंगा में ये नया बाईपास बनाया गया है। रेलवे स्टेशन में तीनों महिलाएं इसी बाईपास के पास शौच करने के लिए गई हुई थीं। इस दौरान स्पीडी ट्रायल कर लौट रहे ट्रेन की चपेट में तीनों महिलाएं आ गईं, जिससे तीनों की मौत की हो गई। घटना की सूचना मिलते ही राजकीय रेल पुलिस, आरपीएफ सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची।

### पाक में भिड़ रहे शिया-सुन्नी, अब तक 64 की हो गई मौत

इस्लामाबाद (एजेंसी)। अफगानिस्तान की सीमा से सटे आतंक प्रभावित कुर्रम जिले में हिंसा थमने का नाम ही नहीं ले रही है। एक महीने



पहले ही यहां सीजफायर का समझौता किया गया था। बावजूद इसके यहां खूनी झड़प रोकी नहीं जा सकी हैं। बीते एक सप्ताह में ही इस संघर्ष में कम से कम 64 लोगों की मौत हो गई है। इससे पहले भी हिंसा में लगभग 50 लोगों की मौत हो गई थी। विवाद को गहराता देख सरकार ने दखल देकर दोनों समुदायों के बीच अगस्त महीने में समझौता करवाया था। सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि फिर भड़की हिंसा की वजह से यातायात प्रभावित हुआ है। इसके आलावा खाने-पीने के सामान की सप्लाई भी कम हो गई है। लोगों को फ्यूल और दवाई के लिए भी तरसना पड़ रहा है। हिंसा की वजह से शैक्षिक संस्थान बंद कर दिए गए हैं।

### हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह मारा गया

बेरूत। इजराइली हमले में हिजबुल्लाह का चीफ हसन नसरल्लाह मारा गया है। इजराइल डिफेंस फोर्स ने शनिवार को यह दावा किया है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, IDF ने कहा कि उन्होंने लेबनान की राजधानी बेरूत में हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर 27 सितंबर को बंकर बस्टर बम से हवाई हमला किया था, जहां नसरल्लाह भी मौजूद था। IDF ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि अब दुनिया को नसरल्लाह से डरने की जरूरत नहीं है। वह आतंक नहीं फैला पाएगा। हालांकि, हिजबुल्लाह की तरफ से अब तक नसरल्लाह की मौत की पुष्टि नहीं हुई है।

### अमेरिका में हेलेन तूफान से 49 की मौत



वाशिंगटन। अमेरिका में शुक्रवार (27 सितंबर) को आए हेलेन चक्रवात से 5 राज्यों में अब तक 49 लोगों की मौत हो गई है। अमेरिकी मीडिया हाउस ष्टहह के मुताबिक, तूफान की वजह से आए बवंडर और बाढ़ में कई घर ढह गए। चक्रवात का सबसे ज्यादा असर साउथ कैरोलिना और जॉर्जिया में देखने को मिला जहां कैटेगरी 4 के तूफान से 34 लोगों की मौत हुई है। पांचों राज्यों में तूफान की वजह से कई लोग फंसे हुए हैं, जिन्हें बचाने की कोशिश की जा रही है। नॉर्थ कैरोलिना में कुछ जगहों पर भूस्खलन भी हुआ। यहां लोगों को रेस्क्यू करने के लिए हेलिकॉप्टरों को भेजा गया। इस दौरान करीब 59 लोगों को एक अस्पताल की छत से भी बचाया गया। अमेरिका में तूफान की वजह से 45 लाख लोगों के घरों में बिजली सप्लाई नहीं हो पा रही है। फ्लोरिडा में रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए 4 हजार नेशनल गार्ड्समेन को तैनात किया गया है।

# आइएसओआइ की 30वीं नेशनल कांफ्रेंस इंदौर में हुई आयोजित, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कांफ्रेंस में हुए शामिल

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश में नई तकनीकी और नवाचार के लिए कई अलग-अलग विधाओं को प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधी आयुष्मान योजना की शुरूआत की। जिसके अंतर्गत 5 लाख रुपये तक लाभार्थी को फ्री इलाज मिलता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा हाल ही में घोषणा की गई है कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले प्रत्येक वर्ग के व्यक्तियों को भी इस योजना का लाभ मिलेगा।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में आइएसओआइ (इंडियन सोसाइटी ऑफ ओरल इंप्लांटोलॉजिस्ट्स) की तीन दिवसीय 30वीं नेशनल कांफ्रेंस को सम्बोधित कर रहे थे। यह कांफ्रेंस ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हो रही है। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्रीमती मालिनी गौड़, गोलू शुक्ला, श्री गौरव रणदिवे, संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता तथा कलेक्टर श्री आशीष सिंह आदि उपस्थित थे। स्मार्ट इम्प्लांट सिस्टम और सही प्लानिंग विषय को लेकर आयोजित इस कांफ्रेंस में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के वक्ता एवं बड़ी संख्या में दंतरोग विशेषज्ञ उपस्थित हुए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमने हेल्थ मिनिस्ट्री और स्वास्थ्य शिक्षा को जोड़ते हुए इसे प्रभावी बनाने के लिए विशेष प्रयास किया। प्रदेश में हेल्थ की सुविधा का सही और प्रॉपर लाभ मिले और एजुकेशन में भी हमने कई प्रयोग किए हैं। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत दांतों के इलाज को भी जोड़े जाने हेतु प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा प्रदेश में एयर एंबुलेंस की सुविधा प्रारंभ की गई हैं। मध्य प्रदेश में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज के माध्यम से आम जनता तक बेहतर चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने की विशेष पहल की गई है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री इनोवेशन नवीन तकनीक अलग-अलग विधाओं को प्रोत्साहित करते हैं। बदलते दौर में दांतों का इलाज अपना एक अलग महत्व रखता है। दांत में इनप्लांट विधि में आधुनिक तकनीक के माध्यम से इलाज आमजन को बेहतर चिकित्सा सेवा प्रदान करने में मददगार सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्फ्रेंस परिसर में प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

आइएसओआइ द्वारा आयोजित कांफ्रेंस में डेंटल इम्प्लांट्स में मेक इन इंडिया को प्रमोट करने के उद्देश्य से देश भर के टॉप इंप्लांटोलॉजिस्ट्स शामिल हुए। यह कॉन्फ्रेंस 29 सितंबर तक इंदौर में आयोजित होगी। कांफ्रेंस में 800 से अधिक डेंटिस्ट शामिल हुए। यहां 60 से ज्यादा नेशनल और इंटरनेशनल डेंटल इम्प्लांट्स की कंपनियों ने ट्रेड फेयर ने भी हिस्सा लिया। कांफ्रेंस के दौरान साइंटिफिक सेशंस, 40 से अधिक नेशनल और इंटरनेशल स्पीकर्स ने अपने सालों की प्रेक्टिस से मिले अनुभव साझा किया। कॉन्फ्रेंस में लाइव वर्कशॉप के माध्यम से स्टूडेंट्स को इंप्लांट लगाने की ट्रेनिंग भी दी गई। इस कांफ्रेंस के माध्यम से मेक इन इंडिया को प्रमोट करते हुए भारत में ही गुणवत्तापूर्ण और सर्टिफाइड डेंटल इम्प्लांट बनाने के लिए कंपनियों को प्रोत्साहित किया गया। जिसका लाभ आम लोगों को किफायती इलाज के रूप में मिल सकेगा। कान्फ्रेंस आर्गेनाइजिनिंग चेयरमेन डॉ. मनीष वर्मा ने कांफ्रेंस आयोजन के उद्देश्य पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए स्वागत उद्बोधन किया। डॉ शरद शेट्टी ने संस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कॉन्फ्रेंस के सेक्रेटरी डॉ. दीपक अग्रवाल ने बताया कि कांफ्रेंस के तहत पहले दिन 18 सेशन और करीब 100 पेपर का प्रेजेंटेशन हुआ। साइंटिफिक चेयरमैन डॉ. शालीन खेत्रपाल ने बताया कि एक सत्र इंडस्ट्री आधारित भी था, जिसमें दंतरोग विशेषज्ञों के साथ ही इम्प्लांट बनाने वाली कंपनियों के टेक्नीशियन भी उपस्थित थे। कांफ्रेस में इजराइल से आये डॉक्टर स्लोमो बिरसन ने बताया कि इम्प्लांट की तकनीक बदल रही है। उन्होंने डॉक्टर्स को डेंटिस्ट्री के क्षेत्र में हर दिन होने वाले तकनीकी नवाचारों और मेडिसिन के बारे में अपडेट रहने की सलाह दी। बताया कि अब मात्र तीन घंटों में मरीज के पूरे दांत लगाए जा सकते हैं। अब 20 वर्ष की उम्र के बाद भी इम्प्लांट लगाए जा सकते हैं। कांफ्रेस में डॉ. सुदीप बोपारदीकर ने इम्प्लांट के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने दंत प्रत्यारोपण को बेहतर और प्रभावी तरीके से तैयार करने की बात कहीं।

# 36 बिरादरियां फैसला कर चुकी हैं : भूपेंद्र सिंह हुड्डा



## भाजपा किसानों को एमएसपी से वंचित रखना चाहती है

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, चुनाव प्रचार तेज होता जा रहा है। बीजेपी तीसरी बार सत्ता में आने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। इसी बीच हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि कांग्रेस को भारी जनसमर्थन मिल रहा है और राज्य की 36 बिरादरियों ने फैसला कर लिया है कि इस बार हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे। शुक्रवार को कुरुक्षेत्र के थानेसर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अशोक अरोड़ा के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए हुड्डा ने कहा कि बीजेपी किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से वंचित रखना चाहती है। उन्होंने कहा, मैंने लगभग पूरे हरियाणा का दौरा किया है और हर जगह कांग्रेस के प्रति लोगों का भारी समर्थन देखने को मिल रहा है। हुड्डा ने सभा को संबोधित करते हुए बीजेपी सरकार पर निशाना साधा और किसानों के मुद्दों को लेकर बीजेपी को घेरा। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसानों की फसलें पहुंच रही हैं, लेकिन उन्हें एमएसपी का लाभ नहीं मिल पा रहा है। हुड्डा ने अपने भाषण में कांग्रेस प्रत्याशी अशोक अरोड़ा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की और कहा कि कांग्रेस ही किसानों के हक की लड़ाई लड़ सकती है। हुड्डा के इस बयान से हरियाणा की सियासी जंग और तेज हो गई है।

# कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़, दो आतंकी ढेर

**जम्मू (एजेंसी)।** कश्मीर में कुलगाम के आदिगाम देवसर इलाके में शनिवार सुबह से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। दोपहर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। इलाके में दो-तीन आतंकियों के छिपे होने की आशंका थी।




सेना के 3 जवान और कुलगाम के,स्क्र घायल हुए हैं। चारों को इलाज के लिए श्रीनगर शिफ्ट किया गया है। कश्मीर जोन पुलिस ने शनिवार सुबह 7: 05 बजे X पर पोस्ट के जरिए मुठभेड़ की जानकारी दी थी। बताया गया कि पुलिस और सेना ने जॉइंट ऑपरेशन के तहत आदिगाम में सर्च ऑपरेशन चलाया था। इसी दौरान आतंकियों ने उन पर फायरिंग कर दी, इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। फिलहाल ऑपरेशन जारी है। कुलगाम मुठभेड़ में घायल सुरक्षाकर्मियों को इलाज के लिए 92 बेस अस्पताल श्रीनगर में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान ,स्क्र मुमताज अली भट्टी, सिपाही सोहन कुमार, सिपाही योगिंदर और मोहम्मद इसरान शामिल हैं।

### दिल्ली में दिल दहलाने वाली घटना

# चार बेटियों के साथ पिता ने की खुदकुशी

## एक साल पहले इस वजह से हुई पत्नी की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के वसंतकुंज इलाके में बुराड़ी जैसा सामूहिक खुदकुशी मामला सामने आया है। वसंतकुंज के रंगपुरी गांव में पिता ने अपनी चार दिव्यांग बेटियों के साथ सल्फास नामक जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली।



बेटियां एक कमरे में एक ही बैड पर मृत मिली तो पिता हीरालाल दूसरे कमरे में बैड पर मृत मिला। एक वर्ष पहले पत्नी की कैंसर से मौत होने के बाद बेटियों की देखभाल की जिम्मेदारी उसके ऊपर आ गई थी। इस कारण वह नौकरी पर समय से नहीं जा पाता था। स्पाइनल इंजुरी अस्पताल ने उसे छह महीने पहले नौकरी से निकाल दिया था। शुरूआती जांच में ये बात सामने आई है कि बेटियों की देखभाल के अलावा वह बहुत ज्यादा आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। हीरालाल ने सामूहिक खुदकुशी जैसा कदम उठाने से पहले जितिया पूजा भी की थी। वसंतकुंज साउथ थाना पुलिस मेडिकल बोर्ड जरिए पांचों शवों का पोस्टमार्टम करवा रही है।

### नरसंहार मामले में दो दोषियों को फांसी की सजा

**लखनऊ (एजेंसी)।** बहराइच में शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा ने तीन बच्चों व उनकी मां की सामूहिक हत्या मामले के दो आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई है. वर्ष 2021 में हुए इस सामूहिक हत्याकांड मामले में तत्कालीन एसपी सुजाता सिंह ने विशेष दिलचस्पी दिखाते हुए बेहद कम समय में आरोपियों को पकड़ने में सफलता अर्जित की थी. जिसमें पकड़े गए तीन आरोपियों में दो ननकू व सलमान को तो फांसी की सजा सुनाई गई है. लेकिन एक आरोपी दानिश का मामला जुवेनाइल कोर्ट में विचाराधीन है. 11 सितंबर 2021 को थाना फखरपुर क्षेत्र अंतर्गत गजाधरपुर के तुलापुरवा निवासी बेचन ने फखरपुर पुलिस को बताया कि सुबह साढ़े 7 बजे बसंतापुर जाते समय नहर पुलिया के पास एक 8 वर्षीय लड़की व एक 5 वर्षीय लड़के की लाश दिखाई पड़ी है.

# मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद का बड़ा जखीरा बरामद

**इम्फाल (एजेंसी)।** मणिपुर के चुराचांदपुर और कांगपोकपी जिलों में शुक्रवार को 'कुकी जो' संगठनों द्वारा बंद के आह्वान के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। बंद का आह्वान राज्य सरकार के उस दावे के विरोध में किया गया है।



जिसमें कहा गया था कि 900 प्रशिक्षित कुकी उग्रवादी 28 सितंबर को इंफाल घाटी के गांवों पर हमला करेंगे। मणिपुर के चुराचांदपुर और कांगपोकपी जिलों में शुक्रवार को 'कुकी जो' संगठनों द्वारा बंद के आह्वान के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। बंद का आह्वान राज्य सरकार के उस दावे के विरोध में किया गया है जिसमें कहा गया था कि 900 प्रशिक्षित कुकी उग्रवादी 28 सितंबर को इंफाल घाटी के गांवों पर हमला करेंगे। वहीं दूसरी तरफ मणिपुर के तीन जिलों में सुरक्षाबलों ने हथियार और गोला-बारूद का बड़ा जखीरा बरामद किया है। पुलिस की ओर से शनिवार को जारी किए गए बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में बताया गया कि मणिपुर पुलिस और असम राइफल्स की एक संयुक्त टीम ने कांगपोकपी जिले के लोइचिंग क्षेत्र से दो .303 राइफल, एक 9 एमएम पिस्तौल, मैगजीन, कारतूस, चार हथगोले, दो 'डेटोनेटर' और एक देसी 'मोर्टार' और एक 'इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार' जब्त किया है।

## संपादकीय

# हरियाणा विधानसभा चुनाव में सच और झूठ की लड़ाई?



*हरियाणा विधानसभा चुनाव का प्रचार चरम स्तर पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को हरियाणा के चुनाव प्रचार के लिए कार्यकर्ताओं के साथ ऑनलाइन संवाद किया। इस संवाद पर उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा, कांग्रेस का आधार सिर्फ झूठ बोलने का है। कांग्रेस बड़े-बड़े झूठे दावे कर रही है। कांग्रेस के झूठे दावे का करंट कमजोर हो चुका है। मोदी ने कांग्रेस के ऊपर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस अधिकतर समय गुटबाजी और कांग्रेस नेताओं का हिसाब चुकता करने में बीतता है। कांग्रेस जनता के मुद्दों से दूर हो गई है। हरियाणा की जनता को कांग्रेस के झूठ पर विश्वास नहीं है। हरियाणा में कांग्रेस यदि धोखे से जीत भी गई, तो यहां गांधी परिवार और उनके जीजा का राज होगा। मोदी जी ने कहा कांग्रेस की आंतरिक कलह से हरियाणा का बच्चा-बच्चा परिचित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को झूठी पार्टी बताते हुए, भाजपा कार्यकर्ताओं से हरियाणा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ युद्ध करने का शंखनाद किया है। हरियाणा के विधानसभा चुनाव में झूठ को लेकर कांग्रेस और भाजपा एक दूसरे के ऊपर आरोप प्रत्यारोप कर रहे हैं।उससे ऐसा लगता है, महाभारत की युद्ध भूमि में एक बार फिर से धर्म और अधर्म अर्थात झूठ और सच की लड़ाई लड़ी जा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा के चुनाव प्रचार में पहली बार पहुंचे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक-एक झूठ पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी भारत में चीन का माल बेचना चाहते हैं। भारत में माल नहीं बनाना चाहते हैं। जिसके कारण हरियाणा के युवाओं को ना तो नौकरी मिल रही है, नाही रोजगार मिल रहा है। चीनी कंपनियों की लिस्ट देखिए,भारत में उनका पार्टनर कौन है। नरेंद्र मोदी झूठ की मार्केटिंग पिछले कई वर्षों से कर रहे हैं। हरियाणा के युवा चोरी-छिपे भाग कर अवैध रूप से लाखों रुपए खर्च करके विदेश जा रहे हैं। बच्चे अपने माता-पिता से मिलने विदेश में चीख और चिल्ला रहे हैं। हरियाणा में कोई जॉब नहीं है।*



## चिंतन-मनन

# कर्त्तव्य को बनाएं सर्वोपरि लक्ष्य

अध्यापक ने विद्यार्थियों से पूछा- 'रामायण और महाभारत में क्या अंतर है?' विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी समझ के अनुसार उत्तर दिए। अध्यापक को संतोष नहीं हुआ। एक विद्यार्थी ने अनुरोध किया- 'आप ही बताइए' अध्यापक बोला- रामायण और महाभारत में सबसे बड़ा अंतर है 'हक-हकूक' का। रामायण में राम ने अपना अधिकार छोड़ा, राज्य छोड़ा और चौदह वर्षों तक वन में जाकर रहे। वे चाहते तो अधिकार के लिए लड़ाई कर सकते थे। दशरथ उन्हें वन में नहीं भेजना चाहते थे। अयोध्या की जनता उनके वन-गमन से व्यथित थी। पर राम ने अपने कर्त्तव्य को अधिकार से ऊपर रखा। पिता के कहे का पालन उनके जीवन का महान आदर्श था। महाभारत का संपूर्ण कथानक अधिकारों की लड़ाई का कथानक है। कौरव और पांडव आपस में चचेरे भाई थे। भाई-भाई के रिश्तों में जो गंध होती है, मिठास होती है, अपनापा होता है, उसका दर्शन ही वहां कहां होता है! पांडव सब कुछ जुए में हार गए। सब वादे पूरे कर वे लौटे तो दुर्योधन ने पांच गांव तो क्या, सूई की नोक के बराबर भूमि भी देने से मना कर दिया। ये दो उदाहरण हैं - हमारे सामने। प्रथम उदाहरण अपनेपन से भरे आत्मीय संबंधों का है। यह संबंधों की मधुरता व्यक्ति को कभी आत्मकेंद्रित नहीं होने देती। वह अपने बारे में नहीं सोचता; परिवार, समाज और देश के बारे में सोचता है। उसका अपना कोई स्वार्थ होता ही नहीं। पद-प्रतिष्ठा और सुख-सुविधा के संस्कारों से वह ऊपर उठ जाता है। ऐसा वही व्यक्ति कर सकता है, जो कर्त्तव्य को अपने जीवन का सवरेपरि लक्ष्य मानता है। वह संस्कृति सफल होती है जो कर्त्तव्यनिष्ठा व्यक्तियों को जन्म देती है। वह शताब्दी सफल होती है, जो कर्त्तव्य की धारा को सतत प्रवाही बनाकर जन-जन तक पहुंचाती है। वह परंपरा सफल होती है, जो कर्त्तव्य का बोध देती है।

# केजरीवाल की रिहाई के बाद अब क्या ?

बहुत जद्दोजहद के बाद आम आदमी पार्टी के सर्वेसर्वा और दिल्ली की वजीरे आला जनाब अरविन्द केजरीवाल की लम्बे समय बाद जेल से रिहाई हो गई है। अब वह तिहाड़ जेल की सीमित हवा की बनिस्वत बाहर आकर सभी किस्म की खुलकर हवा खा सकेंगे और कुछ शर्तों के साथ जहां वह मुख्यमंत्री पद का इस्तेमाल कर सकेंगे। वहीं पर वह पार्टी को दिशा देने के साथ ही उचित फैसले भी ले सकेंगे। केजरीवाल को रिहा करते हुए न्यायाधीशों ने सरकार और सीबीआई पर जो टिप्पणियां की है, वह काबिले गौर है। न्यायाधीश ने कहा है यह संस्था सरकार में काबिज कई लोगों के उचित या अनुचित मौखिक या लिखित आदेशों पर अमल करते हुए अभी तक सिर्फ प्रतिपक्षी दलों के लीडरानों को बेजा परेशान करने का ही काम करती रही है। केजरीवाल भी उन्हीं में से एक है। जब वह ईडी के शिकंजे से मुक्त होने के हालात में पहुंचकर जेल से रिहा होने वाले थे, तभीसरकार के खास आदमी के इशारे पर शायद उनका इशारा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की ओर था। सीबीआई ने अपनी कारगुजारी शुरू की और एक नया मुकदमा केजरीवाल पर थोप दिया था, जिसमें जमानत होने में वक्त लगता है।

इसका मतलब साफ है कि सरकार चलाने वाले कई लोग सीबीआई के मालिक होते हैं, जिनके इशारे पर यह देखे बगैर कि संविधानक्या कहता है, किसी भी आदमी को जेल में ढूंसने का काम करती रहती है, जो प्रत्येक नागरिक को संविधान में दिए गए स्वतंत्रता के अधिकार की एक प्रकार से हत्या करना ही कहा जा सकता है। केजरीवाल के मामले में यही काम सीबीआई ने किया था। अब चूंकि उनकी रिहाई की सभी शर्तें पूरी हो गई है। अतः उन्हें जेल से रिहा किया गया है। लम्बे समय तक जेल में रहकर मानसिक यातनाएं झेलते रहे। केजरीवाल रिहा होने के बाद प्रसन्नता तो महसूस कर ही रहे थे। मगर उनके चेहरे से इस दौरान अपने दिल-दिमाग और जमीर पर जो यातनाएं झेली है, उनके निशानात साफ नजर आ रहे थे।

वहां पर उनकी रिहाई पर पार्टी के जो कार्यकर्ता इकट्ठा हुए थे, उनको सम्बोधित करते हुए मोदी सरकार के प्रति उनका गुस्स्सा साफ जाहिर हो रहा था, उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि आज देश बदतरी की चरम सीमा पार कर चुका है। सब कुछ उल्टा-पुल्टा किया जा रहा है। देश और संविधान की सरकार चलाने वालों को कोई चिन्ता नहीं है। वह तो अपनी मनमानी स्वइच्छाचारिता करके भौतिक जीवन का लुत्फ लेने में मशगुल है, विरोधी दलों औरनेताओं के विरुद्ध वह कानून का बेजा इस्तेमाल करके उन्हें बेवजह तंग करने का काम कर रहे हैं। यह ठीक है कि केजरीवाल की रिहाई के बाद जहां पार्टी में रौनक लौट आई है, बुझे मन से कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं में ताजगी साफ महसूस की जा रही है। वहीं पर हरियाणा विधानसभा के होने जा रहे चुनावों में भी पार्टी अपनी पूरी ताकत लगाकर वहां से भाजपा को निपटाने की कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेगी। अब वजीरे आजम नरेन्द्र मोदी और उनकी केबिनेट पर जोर-शोर से हमले शुरू होंगे, जिनका असर जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा के चुनाव में तो पड़ना ही है। आगामी दिनों सम्पन्न होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव भी भाजपा के लिए पाटरलू का मैदान साबित होंगे, जहां पर हिटलर की अन्तिम पराजय हुई थी। कुल मिलाकर विगत 2014 से मुल्क पर फरेबी अन्दाज में शासन कर रही भाजपा का असली चेहरा मुल्की अवाम के सामने बेनकाब हो गया है।

पार्टी का मुल्क को हिन्दू-मुसलमान के नाम पर बांटने वाला दुश्चक्र लोगों की समझ में अच्छी तरह आ गया है, फिर भी अगर यह सत्ता के बल पर लोगों को बरगलाकर उनके वोटों पर डाका डालने का काम करेंगे। तब उसमें शायद ही कामयाब हो सकेंगे, क्योंकि जब लोगों की करतूतों का अन्त आता है, तब उनके हाथों से ऐसे-ऐसे कार्य होने आरम्भ हो जातेहै, जिनसे जनता इनसे नफरत करने लगती है।

उभरे अन्त ना होई निबाहू।
कालनेमि जिमि रावन राहू।।

कबीरा जानता है कि अति का अन्त तो होकर ही रहता है।

# आखिर इतना दिखावा क्यों?



आज शाम को जैसे ही, मैं रसोई घर में जा रही थी, बहू ने कहा,मम्मी जी, आज खाना नहीं बनाना है।

मैंने कहा, क्यों कहीं जीमने जाना है क्या ?

उसने कहा, हां।

पर कहां ? वो बोली,पड़ोस वाले शीला भाभी जी के यहां। उनके सास- ससुर का श्राद्ध है।

उन्होंने कहा, आज शाम को सब हमारे घर पर ही खाना खाना।

खाने का बड़ा प्रोग्राम रखा है।

बहुत पैसे वाले थे, शीला के साथ- ससुर।

हमेशा हर जरूरतमंद की मदद करते थे।

पैसों का उन्हें बिल्कुल घमंड नहीं था।

लोगों को जब भी लगता, कि उन पर किसी तरह की पैसों की टेंशन है, तो वह तुरंत वहां चले जाते थे और वहां जाने मात्र से ही, वह समझ जाते थे। इसे मेरी जरूरत है। जैसे कि वह अंतर्यामी थे।

उनके दो बेटे थे। बड़ा बेटा लंदन में रहता था। छोटा बेटा, यही उनके पास रहता था।

दिन निकल रहे थे। पोते-पोती हो गए।

सब अपने कामों में व्यस्त हो गए और व्यस्त भी इतने ,ना जाने कौन सा बड़ा काम उन्हें करना था।

मां-बाप बुजुर्ग हो गए। अब काम कुछ ज्यादा कर नहीं सकते। एक दिन थोड़ी सी तबीयत खराब हुई। उन्होंने अपने बड़े बेटे को भी बाहर से बुलाया। बैठ कर प्रेम से दोनों ने पिताजी की



संपत्ति बराबर भागों में बांट ली।

बड़ा बेटा वापस शहर चला गया।

अब उसे माता-पिता से कोई लेना देना नहीं था। ऐसा लग रहा था,जैसे वह हिस्से के लिए ही उनसे जुड़ा हुआ था।

छोटा बेटा भी आखिर कब तक मां-बाप की इतनी बड़ी जिम्मेदारी को उठता।

वो भी इस कलयुग के दौर में।

एक दिन शाम को उसने अपने माता-पिता से कह ही दिया, पिताजी,अब मुझे भी अपना परिवार संभालना है। मैं आपको किसी अच्छे वृद्धाश्रम में छोड़ आता हूं।

यह शब्द सुनते ही माता-पिता अंदर से टूट गए, लेकिन खामोश रहे। उन्होंने बस अपना सिर हिला दिया।

रात हो गई, अपने ही घर में बेगाने। चुपचाप कमरे में चले गए। यह रात उन्होंने, जैसे आग पर सो कर बिताई थी। एक थैले में अपने कुछ कपड़े रख लिए।

सुबह होते ही वह बाहर फाटक के वहां चबूतरे पर ऐसे बैठे हुए थे, जैसे कोई मांगने वाला हो।

सुबह होने का इतना इंतजार ऐसे तो उन्होंने आज दिन तक नहीं किया था।

उन्हें ऐसा लग रहा था, जैसे हम किसी घर में जबरदस्ती रात गुजार रहे हैं।

बेटे के वह चंद असहनीय शब्द अब भी उन दोनों के कानों में गूंज रहे थे।

अपने घर को बड़े ध्यान से निहार रहे थे, जिसकी एक-एक ईंट उन्होंने अपनी नजरों के सामने रखते हुए देखा। बहुत दुःख देखकर एक आशियां बनाया था, फिर भी वह खामोश थे। बेटा उठा, चाय पी कर बाहर आ गया।

बहु, पोते अपने कमरे में ही थे।

बेटे ने आते ही कहा, पिताजी चले।

यह भी नहीं पूछा, चाय तो पी लो।

दोनों उठ रवाना हो गए। चुपचाप वृद्धाश्रम तक का सफर तय किया।

वृद्धाश्रम के दरवाजे पर उन्हें उतारा और रवाना हो गया।

जैसे बस में यात्रा करते हुए किसी यात्री को अपनी मंजिल पर उतारा जाता है।

घर आते ही पत्नी ने दरवाजा ऐसे मुस्कुराते हुए खोला, जैसे वह तीर्थ यात्रा करके आ रहा था।

टेबल पर नाश्ता लगा रखा था।

पत्नी ने कहा, नाश्ता कर लो,लेकिन बेटे के यह शब्द हृदय को भेदने वाले थे, एक बार नहा लेता हूं। जैसे वह उनका दाह संस्कार करके आ रहा हो।

बेटे-बहू, पोते-पोती ने बड़े हंसते, मुस्कुराते नाश्ता किया।

आज उन्ही माता-पिता का वो श्राद्ध कर रहे थे।

आखिर इतना दिखावा क्यों ?

मैं अपने ख्यालों में खोई बहुत गहरी चली गई थी, तभी बहू ने कहा, मम्मी जी, शीला भाभी के वहां चलना है ना?

मैंने कहा, नहीं, जिस बेटे के पास,अपने देवता तुल्य मां-बाप के लिए दो रोटी नहीं थी।

उस घर का पानी भी,जहर के बराबर है।

**वीणा वैष्णव रागिनी**
**राजस्थान 9928640870**

# झंडा



राजन एक ही कम्पनी में नौकरी करने के बाद माह के अंत में सेवानिवृत्त होने जा रहा है। कम्पनी की वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी और सदस्य उसे पूर्व में सेवानिवृत्त हुए अन्य सदस्यों की तरह विदाई देना चाहते हैं। राजन ने इसके लिए मना कर दिया। क्योंकि ट्रेड यूनियन के झंडे के साथ रहकर वह कुछ नहीं करना चाहता। कम्पनी यूनियन और अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन का सदस्य रहते हुए भी उससे परे वह दूसरी विचार धारा वाले संगठन से लम्बे समय से जुड़ा हुआ है। जिस यूनियन और विचारधारा के कारण नौकरी में सुरक्षित रहते हुए उसने चैन और सुकून के साथ अपना कार्यकाल पूरा किया अब उस यूनियन के साथ के उसे कोई मायने नजर नहीं आ रहे। क्योंकि कम्पनी में उसके स्वार्थ की पूर्ति हो चुकी। उसे यूनियन विचारधारा से परे विचारधारा वाले संगठन के झंडे के साथ में अपने भविष्य की संभावनाएं नजर आ रही हैं। इसलिए वह ट्रेड यूनियन से रहे अपने किसी भी तरह के संबंध को जाहिर नहीं करना चाहता।

राजन जैसे व्यक्तियों के विचारों में निजी स्वार्थ से ऊपर कुछ नहीं होता। झंडे के तले तो उसे अब भी रहने पड़ेगा। इस झंडे का रंग और विचारधारा अलग रहेंगे। लेकिन राजन की स्वार्थ की प्रवृत्ति वही रहेगी।

**सुधीर केवलिया**
**सावित्री - गणेश 4 - E - 60,**
**जय नारायण व्यास नगर,**
**बीकानेर 334003 (राज)**

# टका सा मुंह

बड़े साहब ने आर्थिक रूप से सम्पन्न होते ही बाप की बारहवीं बरसी पर स्थानीय भैरव मंदिर में गरीब गुरबों को दान भोज का आयोजन किया था .वे खुद भी सपत्नीक काला मास्क लगााकर काले मुंह के बन्दर से खड़े थे.अधीनस्थ कर्मचारियों से दो हाथ आगे बांटने के लिए राह

## व्यंग्य
## वक्रासन



चलते भिखमंगों को भरी हुई पत्तलें लुटाने का पुरजोर प्रयत्न कर रहे थे .लोग थे कि उनकी शक्ल देखते ही दस फुट दूर उचक जाते.कारण कोई विशेष नहीं था .साहब नगर निगम में थे और सभी जानते हैं कि नगर की आधी कमाई तो नगर निगम वाले ही लूटते हैं.सेवाकाल में पैसा तो सभी खाते हैं ,के नियमानुसार जो बिना पैसे के काम करे वो लीचड़ विभाग में किस काम का? साहब ने भी श्मशान में मृतकों के दाह संस्कार के लिए बनाये चबूतरे पर टीन शेड लगवाई थी. बस उसी का मामला था..साहब ने क़ायदे से उसका भुगतान तब तक नहीं किया था जब तक कि उन्हें अपने हिस्से की कुल खर्च की बीस प्रतिशत रकम नहीं मिल गई .होने को उनका हिस्सा केवल चार प्रतिशत का था किंतु बाकी सोलह प्रतिशत बढ़ाने के लिए उन्होंने टीन शेड की टीन व ऐंगिलें हल्की लगाने की मौखिक मंजूरी दी थी. पता नहीं कैसे यह बात फाइलों से लीक होकर घर-घर में आ गई और जन जन के कानों में घुस गई .इसका दुष्परिणाम ये हुआ कि साहब रिटायरमेंट के बाद चुनाव लड़ने लायक न रहे.जबकि यहां उनके सजातीय मतदाताओं का बाहुल्य था.

अब यश की जगह अपयश शीघ्र फैलता है . प्रकाश व ध्वनि की किरणों की रफ्तार से .तब से साहब होने के बाद भी वे शहर में बेईमान,मुर्दाखोर,कफ़न चोर इत्यादि सम्बोधनों से मशहूर हो गए .यही अपयश आज उनके बाप की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाने में आड़े आ रहा था .और अपनी 'बेटर हाफ' के सामने शर्मिन्दगी का कारण बना हुआ था. लोग उनके हाथों की भरी पत्तलों का स्नेहिल अनुरोध ठुकरा कर टका सा जवाब देने लगे .ठुकराने वालों में वे भुक्कड़ भी थे जिनके पास खाने को टका भी पास में न था .साहब को इसी बात का दुख था कि दो टके के लोग आज उनके षट्रस द्रव्यों को ठुकरा रहे हैं .उनका सार्वजनिक अपमान कर रहे हैं .यदि आज उनके बाप की पुण्यतिथि न होती तो वे भी शहर के इन कीड़ों मकोड़ों को ट्के से न पूछते .पर मरता क्या न करता .उन्होंने ज़िल्लत झेलते हुए भी गिनकर दस बार कोशिश की.हर बार असफल हुए तो फिर अपने अधीनस्थों को कर्तव्य निर्वहन का दायित्व सौंपकर अपनी सगी पत्नी के साथ उस भीड़भाड़ वाले क्षेत्र से टका सा मुंह लेकर ए.सी. गाड़ी में बैठकर अपने बंगले पर लौट आए.आखिर वहां खड़े रहकर भी क्या करते?

**डॉ.महेन्द्र अग्रवाल , नई ग़ज़ल सदर**
**बाजार शिवपुरी म.प्र. 473551**
**मो.9425766485**

## कहानी

# चकोर



जैसे ही उसने अस्पताल के वार्ड नंबर 118 में प्रवेश किया, बेड पर लेटी श्रीमाला की आँखों से अश्रुधारा बह चली। उसके होंठ थरथराने लगे,उसका कंठ अवरुद्ध हो उठा। श्रीमाला निर्निमेश उस आगंतुक को निहार रही थी। श्रीमाला को यों भावविभोर होते देख, उसकी तीमारदारी में मौजूद, पति वेंकटेश्वर और उसके माता-पिता की निगाहें भी एकसाथ अपने पीछे आ पहुँचे उस शख्स की ओर उठ गई जिसे आज से पहले उन्होंने कभी नहीं देखा था। वे कभी श्रीमाला, तो कभी उस आगंतुक को असमंजस की दृष्टि से देखने लगे।

कैसी हो श्रीमाला? अधेड़वय आगंतुक ने मुस्कुराते हुए पूछा।

मैं अब ठीक है, तुम कैसा है? श्रीमाला ने आगंतुक से प्रतिप्रश्न पूछते हुए उठने का प्रयास किया। परंतु पूरे पेट पर बैंडेज चिपकी होने के कारण वह उठ पाने में असमर्थ हो रही थी।

नो,नो, नो, श्रीमाला! डोंट गेटअप, स्टे लाइंग डाउन एंड प्लीज डोंट डु दिस। ओके?

श्रीमाला ने अर्धस्मितता के साथ सहमति में सिर हिलाया। कुछ देर, दोनों एक-दूसरे को निहारते रहे। फिर आगंतुक ने मुस्कुराते हुए कहा,



अच्छा मैं चलता है श्रीमाला! एक बार तुम्हें देखने का मन था, सो तुम्हें देख लिया। अच्छा लगा। अपना ध्यान रखना। दस बजे का फ्लाइट है, लेट हो रहा है। कहकर आगंतुक ने सबको हाथ जोड़कर नमस्ते किया और पीछे दरवाजे की ओर मुड़ गया।

माधवन! यू आल्सो टेक केयर ऑफ़ योरसेल्फ, एंड थैंक यू सो मच। श्रीमाला ने हाथ ऊपर करके थैंक यू सो मच वाक्य पर बल देते हुए कहा। पति वेंकटेश्वर और उसकी माता-पिता कौतुक और जिज्ञासाभरी निगाहों से श्रीमाला की ओर देख रहे थे। इससे पहले कि वे कोई प्रश्न पूछते, दरवाजे की और अपलक निहारती श्रीमाला ने अपने कपोल पर फिसलते हुए अश्रुमुक्ताओं को पौंछते हुए कहा,

माधवन, यह माधवन था। मेरे कॉलेज के दिनों का मेरा सबसे अच्छा और प्यारा दोस्त। हमेशा सबके सुख-दुख में आगे रहनेवाला। शायद इसे कहीं से पता चला होगा कि मेरी दोनों किडनी फेल हो चुकी है और मुझे कभी भी, कुछ भी हो सकता है।(दीर्घ निःश्वास छोड़ते हुए)...इसने अतीत में मुझपर बहुत उपकार किए हैं वेंकी! और देखो आज फिर.. कहते-कहते श्रीमाला कुछ क्षण के लिए चुप हो गई और वार्ड की छत को ताकने लगी। वातावरण में निस्तब्धता छा गई।

...कभी बताया ही नहीं कि ही हेज ए सॉफ्ट कॉर्नर इन हिज हार्ट फॉर मी।....... वेंकी! माधवन ही वह डोनर है, हू डोनेटेड वन ऑफ हिज किडनीज टु मी। इवन नाउ, ही हेज नॉट टोल्ड मी, बट आय रिक्वेस्टेड द डॉक्टर, तब मुझे पता चला। अदरवाइज, मैं तो कभी जान ही नहीं पाती कि वह कौन महान आत्मा है जिसने मुझे यह नया जीवन प्रदान किया है।

कहते हुए श्रीमाला का गला भर्रा गया। उसके गालों पर मोतियों की लड़ी चमचमा उठी। सबकी निगाहें एक बार फिर दरवाजे की ओर घूमी। वेंकटेश्वर दौड़कर बाहर गया। उसने इधर-उधर, ऊपर- नीचे सब तरफ देखा, सब तरफ ढूंढा, परंतु हताश और निराश हो उसकी निगाहें कॉरिडोर में दूर तक जाकर उदास लौट आई। वहाँ अनेक चेहरे थे, अनेक पदचाप थी परंतु उनमें से कोई चेहरा,कोई पदचाप माधवन की न थी।

**नेतराम भारती**
**नयी दिल्ली**

## सक्षम चौहान का जन्मदिन मनाया



इंदौर। पत्रकार एवं बिल्डर्स श्री राकेश चौहान के सुपुत्र समक्ष चौहान का जन्मदिन हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शासकीय शिक्षक संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री दिनेश परमार, इंजीनियर श्री दिनेश राजोरिया, प्रापर्टी ब्रोकर्स श्री गोलू चौहान, श्री अमन परमार व कु.खुशी चौहान सहित समस्त पारिवारिक सदस्य उपस्थित थे।



इन्दौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने माँ भारती के अमर सपूत, करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, अमर बलिदानी भगत सिंह जी की जन्मजयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन् किया।

## एच आई वी टीबी के कारण एवं बचाव की दी जानकारी



इंदौर। आदित्य इनफॉर्मेशन मैनेजमेंट सोसायटी इंदौर मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देशानुसार सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में टी आई अन्नपूर्णा नगर क्षेत्र के विदुर नगर हॉट स्पॉट पर सघन जागरूकता अभियान किया गया जिसमे टी आई के पी डी श्री प्रियंक जोशीजी पी एम शैलेंद्र सिंह तोमर एवं सभी स्टॉफ उपस्थित रहा ।

अभियान के तहत 85 महिलाओं को एच आई वी , एड्स , टी बी और एस टी आई की जानकारी देते हुए एच आई वी के 4 कारण, बचाव और एचआईवी एक्ट 2017 के बारे में बताया गया एवम एच आई वी के टोल फ्री नंबर 1097 के बारे में जानकारी देते हुएं आई सी मैटेरियल डिस्ट्रीब्यूट किए गए। संस्था एवं साई राम क्रिएशन के सहयोग से उपस्थित सभी महिलाओं को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया ।

## पोषण आहार पर कार्यक्रम



इंदौर। एकीकृत बाल विकास परियोजनाक्रमांक एक के तहत अन्न प्राशन शिशु के मजबूत जीवन का आधार है। उक्त उदगार परियोजना अधिकारी पल्लवी लिलोतिया ने आयोजित पोषण माह के तहत अन्न प्राशन प्रशिक्षण शिविर में व्यक्त किए। भामी समाज की धर्मशाला गोमा की फेल में क्षेत्रीय पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया के आतिथ्य में आयोजित कायक्रम के अवसर पर पोषण आहार विशेषज्ञ श्रीमती पूनम ने शिशु के जीवन में स्तनपान के साथ सही समय पर उचित एवं पोष्टिक आहार बदल-बदल देने का महत्व बताया। इसके साथ ही माताओं के भोजन में पोष्टिकता के साथ नियमित आहार में आयरनयक्त भोजन पदार्थों को शामिल करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर पार्षद ने भी अपने विचार व्यक्त किए। आरंभ में अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन पर्यवेक्षक श्रीमती निसरीन हुसैन ने किया। पर्यवेक्षक वंदना मेहता, रेणु सोनगिरा, सुनीता गवले आदि का सहयोग रहा। कार्यालय सहायक श्रीमती सुमेदा देवधर ने आभार व्यक्त किया। आयोजन में खीर, ज्वार के लड्डू, फल, राजगिरे के लड्डू का वितरण किया।

## 1 करोड़ 80 लाख की धोखाधड़ी मामले में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

इन्दौर। जिला न्यायालय ने पार्टनर के साथ कूटरचित दस्तावेजों के जरिए पौने दोनों करोड़ की धोखाधड़ी के आरोपी की जमानत याचिका निरस्त कर दी है। प्रकरण कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि फरियादी राजेश अग्रवाल ने पुलिस शिकायत दर्ज कराते बताया था कि उनकी हरितपाल सिंह के साथ पार्टनरशिप फर्म थी जिसका खाता कनाड़िया स्थित इंडसइंड बैंक में है। हरितपाल सिंह ने बैंक को फर्जी हस्ताक्षर कर जारी किए गए लेटर से अग्रवाल का नाम बैंक खाता संचालन से हटा दिया और कंपनी के खाते से 1.80 करोड़ रुपये निकाल लिए। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपित हरितपाल सिंह होरा निवासी बिचौली हप्सी के खिलाफ धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेज तैयार करने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। प्रकरण में हरितपाल सिंह ने अग्रिम जमानत के लिए जिला न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया था जिसे कोर्ट ने निरस्त कर दिया।

# संगोष्ठी के अमृत मंथन के निष्कर्षों पर सरकार सकारात्मक व्यवस्था बनायेगी : मुख्यमंत्री

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर में आयोजित दो दिवसीय बौद्धिक सम्पदा संगोष्ठी में विचारों के अमृत मंथन से जो भी निष्कर्ष निकलेगा, उस निष्कर्ष पर मध्यप्रदेश सरकार व्यवस्था बनाने का कार्य करेगी। आने वाले समय में बौद्धिक सम्पदा क़ानून के संदर्भ में अनेक चुनौतियाँ है। ऐसे में उच्च न्यायालय द्वारा इस तरह की संगोष्ठी का आयोजन किया जाना एक सराहनीय पहल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सर्वसुलभ और समदर्शी न्याय की सुलभता के लिए न्यायपालिका से समन्वय की कमी नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषय पर इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। दो दिवसीय संगोष्ठी में सुप्रीम





कोर्ट के न्यायाधिपति जस्टिस जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी, न्यायाधिपति जस्टिस सतीश चन्द्र शर्मा, मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधिपति जस्टिस सुरेश कुमार कैत, न्यायाधिपति जस्टिस संजीव सचदेवा, न्यायाधिपति जस्टिस सुश्रत अरविंद धर्माधिकारी, एडवोकेट जनरल श्री प्रशांत सिंह, मध्यप्रदेश स्टेट ज्यूडिशियल एकेडमी के डायरेक्टर श्री कृष्णमूर्ति मिश्रा, आईएनटीए की दक्षिण एशिया की रिप्रेजेंटेटिव ऑफिसर सुश्री गौरी कुमार और यूके बौद्धिक सम्पदा की डिप्टी डायरेक्टर इंटरनेशनल पॉलिसी, साराह रॉबर्ट्स फावेल उपस्थित थे। संगोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ÷यतो धर्म÷, ततो जय÷। उन्होंने



उज्जैन के राजा विक्रमादित्य की न्यायप्रियता का ज़िक्र करते हुए कहा कि उनकी न्याय प्रणाली सदैव प्रेरणास्पद रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्ञान सम्पदा के निर्धारण से आने वाले समय में कई चुनौतियां आएंगी। इन चुनौतियों का समाधान ढूंढने में इस तरह का आयोजन उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा न्याय सम्पदा संवर्द्धन के लिए बनायी गई नई नीति-2016 की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि न्यायपालिका सदैव क्रियाशील रही हैं, इसकी मिसाल कोविड के कठिन काल में भी सतत् रूप से काम करना है। संगोष्ठी के प्रारंभ में न्यायाधिपति जस्टिस सुश्रत धर्माधिकारी ने स्वागत उद्बोधन दिया और दो दिनों में होने वाले विभिन्न सत्रों की जानकारी दी। दक्षिण एशिया की प्रतिनिधि सुश्री गौरी कुमार ने संस्था की जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 187 देशों में बौद्धिक सम्पदा के संदर्भ में कार्य करने के लिए संगठन विद्यमान है। उन्होंने कहा कि भारत बौद्धिक सम्पदा संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मध्यप्रदेश के एडवोकेट जनरल श्री प्रशांत सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि बौद्धिक सम्पदा के संरक्षण के क्षेत्र में न्यायपालिका पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है। बौद्धिक सम्पदा के अंतर्राष्ट्रीय कार्यालय की डिप्टी डायरेक्टर साराह रॉबर्टस फावेल भारतीय परिधान पहने थीं। उन्होंने बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रस्तुत की। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधिपति जस्टिस श्री सचदेवा ने बौद्धिक सम्पदा अधिकार के प्रबल पक्षों पर चर्चा की।

## मायाखेड़ी में सिका कॉलेज का एनएसएस कैंप आयोजित

### ग्रामीण बच्चों और महिलाओं को बताए स्वच्छ और स्वस्थ्य रहने के तरीके

इंदौर। सिका कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने मायाखेड़ी ग्राम में गुरुवार 26 सितंबर को एक दिवसीय शिविर आयोजित किया। इसमें गांव के बच्चों और महिलाओं को स्वच्छता और स्वस्थ रहने का महत्व बताने के साथ-साथ पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य वर्धक भोजन और नाश्ते के बारे में बताया गया।

सिका कॉलेज के विद्यार्थियों ने ग्राम में स्वच्छ रहो स्वस्थ रहो



की थीम पर आधारित रैली निकाली। इस दौरान प्राथमिक स्कूल में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें स्कूल के बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया।

ग्राम मायाखेड़ी को सिका कॉलेज की एनएसएस इकाई ने गोद लिया है। कॉलेज की प्राचार्य डॉ गुंजन शुक्ला ने बच्चों को पोषक तत्वों से भरपूर नाश्ते स्प्राउट से होने वाले फायदों के बारे में बताया।

इस दौरान कॉलेज के विद्यार्थियों ने बच्चों को प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और विटामिन युक्त खाद्य पदार्थों के बारे में बताते हुए उनका सेवन करने की सलाह दी। सिका कॉलेज के विद्यार्थियों और फैकल्टी सदस्यों ने आंगनवाड़ी में आयोजित एक कार्यक्रम में महिलाओं को व्यक्तिगत साफ-सफाई, हाईजीन और पोषक आहार की जानकारी दी। डा रश्मि सिंह, प्रो कामाक्षी गेहलोत और प्रो अभय नेमा ने महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी जानकारी दी।

## यतीन्द्र वर्मा बने झलकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष



इन्दौर। अखिल भारतीय वीरांगना झलकारी महासंघ के राष्टीय अध्यक्ष प्रकाश महावर कोली ने युवा समाजसेवी यतीन्द्र वर्मा को मध्यप्रदेश वीरांगना झलकारी महासंघ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनित किया है। विगत 28 सालों से अखिल भारतीय वीरांगना झलकारी महासंघ स्वतंत्रता संग्राम की अमर सैनानी एवं झांसी की दुर्गा सेना की सेनापति, कोली/कोरी कुल में जन्मी वीरांगना झलकारी बाई की जयंती 22 नवम्बर को बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर समाज की उत्कृष्ट समाजसेवी महिलाओं का सम्मानित करता रहा है। आगामी 22 नवम्बर को त्याग, तपस्या, बलिदान और अपने अदम्य शौर्य साहस व पराक्रम का परिचय देकर मातृशक्ति की प्रेरणास्त्रोत बनी वीरांगना झलकारी बाई के 197 वें प्रकटोत्सव के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा समाजसेवी यतीन्द्र वर्मा को प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपते हुए प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार एवं गठन करने हेतु अधिकृत किया है। युवा समाजसेवी यतीन्द्र वर्मा को प्रदेश अध्यक्ष मनोनित किए जाने पर घनश्याम शेर, आर सी भस्नेइया, कैलाश चौधरी, दिनेश वर्मा, हीरालाल वर्मा, देवीशंकर कोटिया, अशोक वर्मा, ओमप्रकाश धीमान, प्रहलाद टाटवाल, सुनील अस्टोलिया, गजेन्द्र महावर, दिलीप खंडेलवाल, महेश वर्मा, रमेश चिरगैया, राजेन्द्र बनोधिया आदि ने बधाई दी है।

## बुजुर्ग लोगों का सम्मान करना सिखाया



इंदौर। सिका स्कूल सांघी कालोनी एवं 54 बालवाटिका में परिवार के बड़े बुजुर्ग लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त करने हेतु एक बड़ा ही अनोखा आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने दादा-दादी और नाना-नानी के प्रति अपने प्रेम को दर्शाया।

बच्चों को दादा-दादी एवं नाना-नानी के द्वारा भेजे गए बहुमूल्य संदेशों उनके साथ बिताए गए सुनहरे पल एवं गतिविधियों को विद्यालय में प्रोजेक्टर के द्वारा दिखाया। प्रिंसिपल सुजा मैथ्यू एवं वाइस प्रिंसिपल प्राची गर्ग मैडम ने बच्चों से दादा दादी एवं नाना नानी के घर में रहने का महत्व बताया ।

प्रधानाध्यापिका श्रीमती लीना सेबेस्टियन ने कहा दादा-दादी और नाना-नानी परिवार की महत्वपूर्ण धरोहर होते हैं वह हमें संस्कार और मूल्य सिखाते हैं, उप-प्रधानाध्यापिका श्रीमती भावना पाटनकर ने बच्चों से कहा आप अपने बड़ों का सम्मान करे, उनके साथ अधिक से अधिक समय बिताएं । कार्यक्रम में बच्चों ने दादा-दादी एवं नाना-नानी की वेशभूषा में आकर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया इस अवसर पर बच्चे बेहद खुश हुए।

## रोटरी की सूफी शाम कार्यक्रम का आयोजन

इंदौर। रोटरी क्लब ऑफ इन्दौर मॉर्शल्स् द्वारा जाल सभा गृह, इन्दौर में सुफी संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित रोटरी सदस्यों को क्लब के आतिथ्य में 17 नवम्बर 2024 को आयोजित की जाने वाली रोटरी फाउंडेशन की आगामी अंतरनगरीय सभा का आगाज़ किया ।

कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. अनीश मलिक एवं गजेन्द्र सिंह नारंग, नितिन डफरिया, संस्कार कोठारी, सुशील मल्होत्रा, संजीव गुप्ता एवं समस्त इन्दौर के रोटरी अध्यक्ष एवं सचिव एवं सदस्य तथा रोटरी मार्शल्स् टीम भी उपस्थित थी ।

साथ ही जे.ए.सी. के मण्डल चेयरमेन अवनीश जैन भी



उपस्थित थे। भारत विकास परिषद् के अध्यक्ष संजय सूर्यवंशी सदस्यों के साथ एवं जैन सोशल ग्रुप इन्दौर 'नवकार' का संचालक मण्डल भी उपस्थित था ।

गायक श्री कपिल पुरोहित, सहयोगी सिमरन कौल, संजना बारोट गायिकाओं एवं संगीतकार दल के ध्वनि एवं संगीत के अद्भुत संयोजन द्वारा सूफी संगीत पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियों 'रमता जोगी', 'छाप तिलक सब छीनी...', 'काली-काली जुल्फों के फंदे ना डालो', 'पिया रे-पिया रे', 'नैना ठग लेंगे' सहित लगभग 20 से अधिक प्रस्तुतियों से श्रोताओं को सम्मोहित कर दिया गया।

क्लब अध्यक्ष अजय जैन एवं सचिव सुनील ओझा द्वारा अतिथियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किये। कार्यक्रम संयोजक विवेक-सुधा गौड़, अभय-सुप्रिया गीद, रुपेश-मीना पटेल, रुपेश-रुपाली राठौर, विक्रम-रेखा यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र सिंगी द्वारा किया गया।

## सर्वजातीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन 13 अक्टोबर को

इन्दौर। स्थानीय संतोष सभागृह यशवंत निवास रोड पर साईं बंधन द्वारा 13 अक्टूबर को एक दिवसीय हिंदू सर्वजातीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया है। अपने तरह के इस अनूठे वैवाहिक परिचय सम्मेलन के आयोजन में एक स्थान पर जैन, अग्रवाल, ब्राह्मण, खंडेलवाल, गुप्ता, गुर्जर, राजपूत, महाराष्ट्रीयन सहित सभी समाज के प्रत्याशी जीवनसाथी की तलाश करेंगे। संचालिका मोनिका निगम के अनुसार सामान्य प्रत्याशियों के साथ-साथ तलाकशुदा, विधवा, विधुर, दिव्यांग प्रत्याशी भी इसमें भाग लेंगे। आयोजन हेतु कई शहरों के लिए अलग- अलग समितियां भी बनाई गई हैं।

## बरसती बारिश में भी नही रुका विकास का पहिया, पूर्व विधायक आकाश कैलाश विजयवर्गीय ने किए भूमिपूजन

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने कहा कि पिछले 20 सालों में भाजपा सरकार ने बेहतर कार्य किया है, जिससे प्रदेश का विकास हुआ है और प्रदेश की जनता के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। शनिवार 28 सितंबर को पूर्व विधायक माननीय आकाश विजयवर्गीय ने विधानसभा 1 के वार्ड क्रमांक 16, वार्ड क्रमांक 4 और वार्ड क्रमांक 3 में लगभग 4 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकापर्ण किया। इस अवसर पर आकाशजी विजयवर्गीय ने भाजपा का सदस्यता अभियान भी चलाया। तीनों स्थानों पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए



आकाश विजयवर्गीय ने विकास कार्यों की जानकारी दी और लोगों से उनकी समस्या को सुनते हुए अधिकारियों को तुरंत उनके समाधान करने के आदेश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कार्य करने वाले ठेकेदारों से कहा कि कार्य ऐसा होना चाहिए की जनता आपको याद करें और आपका कार्य सालों-साल चलता रहे। माननीय मंत्री श्री कैलाशजी विजयवर्गीय और माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहनजी यादव के निर्देश हैं कि सरकारी स्कूलों में जो भी समस्या है उनका निराकरण किया जाए और सभी सरकारी स्कूल प्राइवेट स्कूलों से भी बेहतर बने। सरकारी स्कूल बेहतर होंगे तो बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा काम करने वाली पार्टी है इसलिए 20 सालों से प्रदेश में भाजपा की सरकार है। पहले प्रदेश में बिजली, सड़क, पानी की भयंकर समस्या थी। भाजपा की सरकार ने तीनों समस्याओं का निराकरण कर दिया है। हमारी सरकार ने गरीबों के लिए राशन से लेकर स्वास्थ्य तक का ख्याल रखा है। महिलाओं के लिए प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना, बेटी, पढ़ाओ, बेटी बचाओ जैसी कई योजनाएं चलाई जा रही है। भाजपा की सरकार ने बेटियों को सक्षम बनाया है और इस बात का संदेश दिया है कि बेटी बोझ नहीं है वह शक्ति है। हम विकास कार्य से संबंधित छोटी-छोटी समस्याओं को दूर करने में लगे हुए हैं। माननीय कैलाश विजयवर्गीजी का यह कहना है कि मेरे क्षेत्र का हर नागरिक कैलाश विजयवर्गीय है। वो यह इसलिए कहते हैं क्योंकि आप सभी अपनी समस्याओं के लिए अधिकारियों से बात कर सकते हैं और अपनी समस्या का समाधान करवा सकते हैं। अधिकारियों से भी मेरा निवेदन है कि वे वार्ड की समस्याओं को लेकर फाइल बनाएं और सुनियोजित तरीके से उनका निराकरण करे। आप सभी मिलकर क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करें मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आप एक कदम बढ़ाएंगे भाजपा चार कदम बढ़ाएगी।

## मिला रिया जैन को बधाई संदेश



इंदौर। मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के मुख्य कार्यालय प्रभारी रिया जैन को उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा भाई बहन के पावन पर्व रक्षाबंधन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी, साथ ही संगठन के राष्टीय अध्यक्ष डॉ अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में संगठन की टीम द्वारा देश हित के लिए जो कार्य किया जा रहे हैं। उसके लिए भी सराहना की, एवं माननीय पुष्कर सिंह धामी ने, रिया जैन को उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ अपना आशीर्वाद दिया!.

## गुजरात में कृषि प्रौद्योगिकी पर प्रमुख प्रदर्शनी एग्रीएशिया 2024 का सफल समापन



इंदौर। कृषि प्रौद्योगिकी पर प्रमुख प्रदर्शनी – 13वीं एग्री एशिया 2024, 20 से 22 सितंबर 2024 तक हेलीपैड प्रदर्शनी केंद्र, गांधीनगर, गुजरात में आयोजित की गई थी। उन्नत तकनीक से कृषि का अनुभव थीम के तहत आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रदर्शनी ने कृषि प्रौद्योगिकी में नवाचारों को प्रदर्शित किया और कृषि उद्योग से जुड़े हुए सभी के लिए मूल्यवान नेटवर्किंग के अवसर प्रदान किए।

200 से अधिक प्रमुख प्रदर्शकों और 90,000 से अधिक आगंतुकों ने 15,000 वर्ग मीटर के कुल क्षेत्रफल को फेले तीन बड़े हॉलों में आयोजित आधुनिक तकनीक प्रस्तुत करने वाली प्रदर्शनी का दौरा किया। इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 5,000 से अधिक नए उत्पाद पेश किए गए। कृषि उद्योग में अत्याधुनिक तकनीक, अग्रेताओ के साथ बातचीत, वितरकों, डीलरों और हितधारकों के साथ नेटवर्किंग की नई दिशा दिखाने वाली प्रदर्शनी रही।

कृषि क्षेत्र में अतिरिक्त जानकारी और अवसर प्रदान करने हेतुसर डेयरी पशुधन और पोल्ट्री एक्सपो (डीएलपीई) एग्री एशिया 2024 के संयोजन में आयोजित किया गया था। मेले में किसानों एवं पशुपालकों के लिए नई तकनीक, उन्नत पद्धति एवं कृषि उत्पादकों एवं पालन के लिए उपयोगी जानकारी के विभिन्न स्टॉल लगाए गए थे।

## जन्म दिवस पर किया देवदर्शन बाटी खुषीयॉ



इन्दौर। अजय परमार सचिव चेतना अटल युवा मण्डल के जन्म दिवस को मण्डल ने सेवा ही संकल्प प्रयोजन के तहत अनजान फुटपाथी आमजनो के मध्य बाटा मण्डल प्रमुख श्री नरेन्द्र शर्मा एवं विजय बिरला ने एक संयुक्त विज्ञप्ति में बताया कि शहर का कल्चर दिनोदिन आधुनिकता की दिशा में बढ़ रहा हैं।

प्राय देखा जाता हैं कि युवा नषा एवं हुडदंग को अपनी जीवनशैली में उतार लेते हैं ओर उसी को अपनी खुषीयॉ समझते हैं हमें पुरब पश्चिम की संस्कृति को त्याग कर मानवता सेवा संकल्प को अपना धैय् माने यही उद्देश्य हर युवा हरजन का हो तब ही हम अपनी संस्कृति सनातन को बच्चा सकते हैं। आज ऐसे कई राहगीर फुटपार्थीजन हैं जिनके पास सबकुछ होते हुये भी अपनो से दुर हैं उन्हें सहारे की जरूरत हैं हम उनके मध्य बैठकर उनकी दुखसुख के सहभागी बने आज हम सब अपने आप को गौरान्वित महसुस कर हैं सबके नही लेकिन कुछ का सहारा बने कुछ समय जो अनजान फुटपाथी जरूरतमन्दो के मध्य बिताया वह पल हमारे जीवन का सबसे अनमोल पल हैं। अजय परमार के जन्म दिवस पर कई प्रमुखजनो ने बधाई एवं शुभकामनाऍ के साथ मण्डल के सेवा ही संकल्प परिकल्पना की सराहना भी की इस अवसर पर सर्वश्री नरेन्द्र शर्मा. मण्डल संरक्षक विजय यादव. कान्हा शर्मा. श्वेता वैध आदि अन्य प्रमुख सहयोगी सारथी उपस्थित हुये।

## कार्टून कोना..........




# 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को हृदय संबंधी बीमारी की आम समस्या है : डॉ. नितिन मोदी

**रोज के खान-पान पर रखें ध्यान, प्रतिदिन 30 मिनट की करें फिजिकल एक्टिविटी**

**फिजिकल एक्टिविटी के साथ साँस फूलना या घबराहट होना होता है पहला लक्षण**





इंदौर। विश्व भर में हृदय रोग से जुड़ी बीमारियां बढ़ रही हैं। भारत में भी यह चिंता का विषय है। 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों में हृदय रोग आम समस्या है। आमजन को हृदय रोग और उससे बचने के उपाय के प्रति जागरूक करने के लिए दुनिया भर में हर साल 29 सितंबर को 'विश्व हृदय दिवस' (वर्ल्ड हार्ट-डे) मनाया जाता है।

इस साल की थीम 'यूथ हार्ट फॉर एक्शन' है, जिसका उद्देश्य लोगों को अपने दिल और उसकी बीमारियों बारे में अधिक से अधिक जानने के लिए प्रेरित करना है। इसी कड़ी में केयर सीएचएल अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्ट ने लोगों को हृदय रोग और उनसे बचने के उपाय के बारें में जानकारी दी।

केयर सीएचएल अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. नितिन मोदी ने हृदय रोगों से होने वाली मौतों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि बदलती जीवनशैली, खानपान में बदलाव, तनाव, शारीरिक गतिविधि में कमी और धूम्रपान जैसे कारक हृदय रोग का प्रमुख कारण हैं। विशेष रूप से 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों में हृदय रोग एक आम समस्या है। हृदय वाल्व रोग तब होता है जब आपके हृदय के एक या अधिक वाल्व ठीक से खुल या बंद नहीं हो पाते, जिससे आपके हृदय और शरीर में रक्त का प्रवाह प्रभावित होता है।

हृदय वाल्व रोग के लक्षणों में हृदय की धड़कन में अनियमितता आमतौर पर यह पहला लक्षण होता है। इसके अलावा सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, थकान, बेहोशी, पैरों में सूजन और अनियमित हृदय गति शामिल हैं।

### इन लोगों को होता है अधिक खतरा

डॉ. मोदी के मुताबिक जिस व्यक्ति की उम्र 40 से अधिक है और वह ब्लड प्रेशर, डायबटिक, कोलेस्ट्राल जैसी बीमारी है, उसको दिल का दौरा पड़ने का खतरा अधिक रहता है। इसके अलावा जेनेटिक में भी असर करती है। हृदय रोग से बचने के लिए लोगों को समय-समय पर ईसीजी और टीएमटी करवाते रहना चाहिए। रोज के खान-पान पर विशेष ध्यान रखना, प्रतिदिन 30 मिनट की फिजिकल एक्टिविटी के साथ कम से कम 10 हजार कदम पैदल चलना, युवाओं को जिम और बुजुर्गों को वाकिंग करना, जिम करने से पहले डॉक्टरों से सलाह लेनी चाहिए। नियमित व्यायाम करने वालों को हृदय संबंधी बीमारी होने की संभावना काफी कम हो जाती है।

### स्वस्थ हृदय के लिए संतुलित आहार

केयर सीएचएल अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. मोदी ने बताया आहार में लिक्विड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होनी चाहिए। कार्बोहाइड्रेट की मात्रा 50-60 फीसदी, प्रोटीन की मात्रा करीब 20 फीसदी होनी चाहिए। खाने में ताजे फल व सलाद का उपयोग करें। फैटी चीजें में तेल व घी कम, जंक फूड व ज्यादा नमक खाने से बचें। फिजिकल एक्टिविटी के हिसाब से डाइट प्लान लें।

### हृदय रोग के निदान के लिए किए जाने वाले परीक्षण

हृदय रोग के परीक्षण के लिए ईसीजी, एक्स-रे, ईको कार्डियोग्राफी और एक ट्रेड मिल टेस्ट किया जाता है, जो मुख्य रूप से सामान्य जांचे हैं। इसके अलावा हिमोग्लोबिन, क्रेटिनिन, शुगर यह जरूरी जांचे होती हैं। केयर सीएचएल अस्पताल में हृदय की नलियों में कैल्शियम ज्यादा होने पर उसे साफ करने के लिए रोटेबलेशन, आईवीएल किया जाता है। कई बार ऐसा होता है ओल्ड एज व्यक्ति मरीज बायपास नहीं कराना चाहता या नहीं हो सकता है, उस कंडीशन में नई तकनीकों द्वारा उसकी एंजियोप्लास्टी की जाती है।

# सायबर अपराध तेजी से बढ़ता अपराध

**जागरूक व जानकार बने**

इंदौर। "Black Ribbon Initiative" ''सहयोग'' अभियान के अंतर्गत डॉ. वरूण कपूर विशेष पुलिस महानिदेशक द्वारा नेशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन को ऑपरेटिव बैंक एंड क्रेडिट सोसाइटीज लिमि. नई दिल्ली के तत्वावधान में मध्य प्रदेश को-ऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर एवं सिनियर आफिसर्स के लिये सायबर क्राईम एवं सायबर सुरक्षा विषय पर 712 वीं कार्यशाला का आयोजन इंदौर में किया गया।



जिसमें म.प्र.को-ऑपरेटिव बैंक के 55 डायरेक्टर एवं सिनियर आफिसर्स ने भाग लिया। इस कार्यशाला में NAFCUB के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत दास, इंदौर परस्पर सहकारी बैंक के अध्यक्ष संतोष देशमुख, आरबीआई पूना ब्रांच के जीएम हरिप्रसाद पटनायक, इंदौर सहकारी बैंक के सीईओ दीपक कोठारी एवं NAFCUB के एडवाइजर सुभाष गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यशाला में उपस्थित अधिकारीगणों को संबोधित करते हुए डॉ. वरूण कपूर द्वारा सायबर अपराध की घटनाओं में हो रही बढ़ोत्तरी के कारणों, सुरक्षित रहने के उपायों एवं सावधानियों की विस्तृत रूप से जानकारी दी तथा सायबर फिशिंग, इंफॉर्मेशन सिक्युरिटी एवं कम्युनिकेशन व सोशल नेटवर्किंग में अंतर के बारे में बताया गया।

सायबर अपराध तेजी से बढ़ता अपराध है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. वरूण कपूर को NAFCUB के अध्यक्ष श्री लक्ष्मीकांत दास द्वारा प्रमाण पत्र एवं इंदौर परस्पर सहकारी बैंक के अध्यक्ष संतोष देशमुख द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

कार्यशाला के सफल संचालन में निरीक्षक श्रीमती पूनम राठौर व उनकी टीम के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## गीता भवन को 51 ग्रंथ श्रीमद् गीता भेंट



इंदौर। कामधेनू सेवा समिति द्वारा पितृ पक्ष मे पितृ की शांति, प्रसन्नता हेतु हिंदू धर्मस्थलों को ग्रंथ भेंट किए जा रहे है। यह जानकारी देते हुए समिति के राजेंद्र असावा व बुरहानुद्दीन शकरुवाला ने बताया कि इसी श्रंखला में पितृपक्ष की ग्यारस के दिन समिति द्वारा गीता भवन को 51 ग्रंथ श्रीमद् गीता भेट की।

इस अवसर पर गीता भवन, पलासिया के सचिव रामविलास जी राठी ने ग्रंथ भेंट पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गीता भवन मे प्रतिदिन गीता का पाठ होता है साथ ही वर्ष मे एक बार आने वाली गीता जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में लगभग अनुमानित 2000 भक्त गीताजी का पाठ करते है।

समिति द्वारा भेट किए ग्रंथ से गीता भवन मे नित्य पाठ होगा। इस अवसर पर समिति के सदस्य सी.ए.आर.डी.असावा, अनिल जैन, लव शारदा, गोपालदास राठी एवं राजेन्द्र असावा उपस्थित थे।

## वार्ड क्रमांक 82में सफाई मित्रो का सम्मान



इंदौर। स्वच्छ इंदौर मैं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे हैं स्वच्छता की मशाल यात्रा इसका उद्देश्य हमारे समाज मैं स्वच्छता के महत्व को जागरूक करना और एक स्वच्छ ,हरा-भरा वातावरण बनाने की दिशा में कदम उठाना हैं।

वार्ड पार्षद मान शानू नितिन शर्मा एवं महापौर महोदय प्रतिनिधि भरत पारीक एवं रमेश खत्री साथ ही ओम सोलंकी व श्री मती हिमानी भट्ट टीम रूस्थ द्वारा स्वच्छता के बारे मैं रहवासियों को जागरूक किया साथ ही सफाई मित्रो का सम्मान व प्रोत्साहित किया गया स्वच्छता स्वच्छता मानव श्रृंखला कर सभी को स्वच्छता संदेश दिए गए।

# अत्यधिक वर्षा से लहसुन किसानों की फसल संकट में, ट्रैक्टर पंप से जल निकासी

देपालपुर। समीपस्थ ग्राम बनेड़िया में बीती रात हुई मूसलाधार बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। क्षेत्र के कई किसानों ने हाल ही में लहसुन की बुवाई की थी, जिसमें उन्होंने करीब ?25,000 प्रति क्विंटल की लागत से बीज खरीदे थे।



भारी बारिश के कारण खेतों में जलभराव हो गया, जिससे किसानों की फसल के नष्ट होने का खतरा मंडरा रहा है। गांव के प्रमुख किसानों में से एक, फरसराम, जिन्होंने मोटर वाइंडिंग का काम भी करते हैं, ने बताया कि इस समय लहसुन की फसल महत्वपूर्ण अवस्था में है। जलभराव के कारण पौधों की जड़ें सड़ने का खतरा है, जो पूरी फसल को नष्ट कर सकता है। किसान सुदामा पटेल और जुगल सेठ ने कहा कि खेतों में इतनी तेजी से पानी भरा कि बिना किसी तैयारी के नुकसान का खतरा अधिक हो गया। किसानों ने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए अपने-अपने ट्रैक्टर पंप की मदद से खेतों से पानी निकालने की कोशिश की। हालांकि, समस्या यह है कि निरंतर हो रही बारिश के कारण जल निकासी की प्रक्रिया धीमी पड़ गई है। किसानों को अब मौसम के सुधरने का इंतजार है, ताकि वे अपनी फसल को बचाने के लिए प्रभावी कदम उठा सकें। गांव के अन्य किसान भी इस संकट से जूझ रहे हैं और उन्होंने स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही कोई समाधान नहीं निकला तो उनकी पूरी साल भर की मेहनत पर पानी फिर सकता है, जिससे आर्थिक संकट उत्पन्न हो जाएगा।

# हिंदी साहित्य समिति भवन है एक तीरथ

इंदौर। प्रसिद्ध गीतकार, भाषाविद, साहित्यकार श्री बुद्धिनाथ मिश्र का संक्षिप्त प्रवास पर इंदौर आगमन हुआ।समय की कमी को देखते हुए हिंदी साहित्य समिति में हिंदी परिवार के सदस्य वरिष्ठ साहित्यकारों द्वारा उनका सम्मान रखा गया और संक्षिप्त साहित्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।



श्री मिश्र जी के स्वागत और अभिनंदन के तुरंत बाद साहित्यकारों के अनुरोध को मान्य करते हुए श्री मिश्र जी ने सस्वर गीत सुनाए और शेष उपस्थित साहित्यकारों ने अपनी रचना के मुखड़े सुनाते हुए सरस साहित्य गोष्ठी का आनंद लेते हुए स्वल्पाहार का भी आनंद लिया।

ज्ञातव्य है की श्री मिश्र ,नईदुनिया और जागरण समूह से लंबे अरसे से अपनी रचना धर्मिता के बल पर जुड़े रहे हैं और उनके हिंदी व्याकरण के आलेख प्रमुखता से स्थान पाते रहे हैं।

इस अवसर पर सर्वश्री अरुण कुमार जैन,प्रदीप नवीन , हरेराम बाजपाई ,प्रभु त्रिवेदी, राकेश शर्मा,और तृप्ति मिश्र ,शरद शर्मा आदि उपस्थित रहे और पावस गोष्ठी का आनंद लिया।स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

इस अवसर पर श्री मिश्र को समिति भवन दिखाते हुए इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला गया।उन्हें बताता गया की यही वह स्थल है जहां गांधीजी दो मर्तबा इस भवन के शिलान्यास और बाद में उद्घाटन के अवसर पर पधारे।यहीं गांधीजी ने हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का संकल्प लिया था और गांधी जी के अनुरोध पर इंदौर वासियों ने 1935 में एक बहुत बड़ी रकम आधा घंटा में एकत्रित कर मुक्त हस्त से गांधीजी को सौंपी थी, उसी राशि से गांधीजी ने हैदराबाद, चेन्नई, वर्धा आदि जगहों पर हिंदी की प्रगति के लिए साहित्य समितियों का निर्माण किया था और बड़े शोध केंद्र , हिंदी हित में स्थापित किए थे जो आज भी कुशल रूप से कार्यरत हैं।

श्री मिश्र ने शिलान्यास शिला को नमन करते हुए हिंदी सेवियों के लिए इसे सबसे बड़ा धाम या तीर्थ घोषित किया।

# खालवा में लगभग 12 करोड़ रूपये लागत का महाविद्यालय भवन बनाया जाएगा - मंत्री शाह

## छात्रावासों एवं आश्रम शालाओं में अध्ययनरत अनुत्तीर्ण विद्यार्थी को दिया जायेगा पुनः प्रवेश

### जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. शाह ने खालवा में ली हरसूद विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों की बैठक





**खण्डवा। जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने शनिवार को कन्या शिक्षा परिसर खालवा में माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर व माल्यार्पण कर हरसूद विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों की बैठक का शुभारंभ किया। बैठक में उन्होंने आने वाले 4 सालों में विकास कार्यों के लिए बनाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने अधूरे निर्माण कार्यों को भी पूर्ण कराने के निर्देश दिए। मंत्री डॉ. शाह ने बैठक में कहा कि कन्या शिक्षा परिसर खालवा के पास 50 सीटर छात्रावास एवं लगभग 12 करोड़ रूपये लागत का महाविद्यालय भवन बनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस महाविद्यालय में आर्टस, कॉमर्स एवं सांईस की कक्षाएं संचालित होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बेटे बेटियां पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़े इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।**

बैठक में जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि खेड़ी शिक्षा परिसर में लगभग 500 छात्राएं पढ़ाई कर रही है। इन छात्राओं के लिए खाना बनाने हेतु लगभग 5 लाख रूपये लागत की रोटी मेकर मशीन प्रदान की जायेगी, जिससे छात्राओं के लिए जल्दी खाना बनकर तैयार हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के ऐसे छात्रावास जहां 200 से अधिक विद्यार्थी हो, वहां भी रोटी मेकर मशीन प्रदान की जायेगी। साथ ही विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी छात्रावासों में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जायेंगे। उन्होंने कहा कि सप्ताह में एक दिन विद्यार्थियों को उनके परिजनों से फोन पर बात करने की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

बैठक में जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों एवं आश्रम शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हो जाते थे उन्हें अब पुनः प्रवेश देकर पढ़ाई के लिए पूरी सुविधाओं के साथ एक मौका और दिया जायेगा। उन्होंने बैठक में कहा कि जिले से बाहर के विद्यार्थी जो पढ़ाई कर रहे हैं उनकी पढ़ाई की व्यवस्था उनके गृह जिले में की जायेगी, जिससे वे अपने परिवार के साथ रहकर अध्ययन कर सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि संभाग स्तर पर महिला मण्डल संयोजक बना रहे हैं, जो संभाग के जिलों का निरीक्षण करेंगे एवं वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि मण्डल संयोजक विद्यार्थियों के मनोविज्ञान के बारे में जानकारी भी लेंगे एवं उन्हें हो रही असुविधाओं की भी जानकारी लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचायेंगे। इससे विद्यार्थियों को हो रही असुविधाओं को और बेहतर तरीके से व्यवस्थित किया जा सकेगा।

बैठक में मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित विशिष्ट आवासीय संस्थाओं में 5000 शिक्षकों के पद भरे जायेंगे, इसके लिए आवेदन की प्र ि या जल्द ही प्रारंभ की जायेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि आदिवासी भाई जो पुलिस में भर्ती होना चाहते है, इसके लिए जिले स्तर पर प्रशिक्षण केन्द्र खोले जायेंगे। उन्होंने कहा कि जो आदिवासी भाई वकील बनना चाहते है उनके लिए भी खण्डवा में प्रशिक्षण दिलाने की व्यवस्था की जायेगी।

बैठक में मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए आवास सहायता योजना के तहत आवास किराये पर लेने हेतु राशि दिए जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर एवं उज्जैन में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को आवास किराये हेतु 2000 रूपये, जिला मुख्यालयों के लिए 1250 रूपये तथा विकासखण्ड मुख्यालयों के लिए 1000 रूपये किराये के लिए दिए जाते है।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. शाह सफाई मित्रों का किया सम्मान

''स्वभाव स्वच्छता-संकल्प स्वच्छता'' की थीम पर जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान मनाया जा रहा है। इसी ' म में शनिवार को जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कन्या परिसर खालवा में विद्यार्थियों एवं उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को स्वच्छता संबंधी शपथ दिलाई। साथ ही उन्होंने ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत कन्या परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने स्वच्छाग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही सफाई मित्रों का फूल मालाओं से सम्मान किया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, एस.डी.एम. हरसूद श्री पुरूषोत्तम कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत डुडगांव में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**खण्डवा। राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत 28 सितम्बर को आयुष्मान आरोग्य मंदिर, आयुषग्राम अटूटखास, तहसील पुनासा, जिला खंडवा द्वारा ग्राम डुडगांव में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों द्वारा वातरोग, बी.पी., शुगर, रक्ताल्पता, उदररोग, चर्मरोग, शिरोरोग, ज्वर, सर्दी, खांसी, श्वासरोग, मूत्ररोग, स्त्रीरोग आदि रोगों की जांच कर उपचार किया गया।**

इस शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पौष्टिक आहार के अंतर्गत मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, मक्का, चना, सोयाबीन, एवं अंकुरित अनाजों एवं चुकंदर, अनार, केला, पपीता, संतरा एवं सुरजना फली, हरी सब्जियों और व्यंजन के रूप में गुडपट्टी, खमण, खिचड़ी, दलिया, सूजी का हलवा, छोले, तिल लड्डू, गुड़, चना, ज्वार, बाजरा, मक्का की रोटी आदि व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस शिविर में डॉ. राजेंद्र सिंह सोलंकी, डॉ. संजय पटेल, डॉ. शाश्वत रोमडे, डॉ. ललित बिरला, डॉ. आयुषी आर्से, डॉ. मेहा ठाकुर, श्री महेंद्र मंडलोई, श्री बालकदास देवड़ा, श्रीमति लज्जावती पाल, श्रीमति रेणु अग्निहोत्री, श्री दयाराम सावनेर, श्री घनश्याम गोलकर, श्री अरूण परदेशी, श्री बर्फीलाल राठौड़ ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में 170 पुरुष, 91 महिलाएं कुल 261 मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर शिविर का लाभ लिया, जिसमें 78 बीपी, 58 शुगर, 41 हिमोग्लोबिन की स ीनिंग की गई। इस दौरान 28 लोगों ने आयुष क्योर ऐप डाउनलोड किया एवं 20 लोगों को औषधीय पौधे वितरित किए गए।

### खंडवा की पहलवान बेटी छाया आरक्षक का पद लेकर आज आएगी शहर

**खंडवा।** यह शहर छोटा जरूर हैए लेकिन हर बड़ी विधा में अपना रंग जमा रहा है। पुरुष कुश्ती में सोनखेड़ी का वजूद काम नहीं रहा। अब बोरगांव खुर्द की छाया पटेल का महिला कुश्ती में नाम रोशन हो रहा है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि छाया पटेल को हाल ही में खेल कोटे से सेंट्रल गवर्नमेंट सीमा सुरक्षा बल ने महिला कुश्ती कोटे से आरक्षक पद पर नियुक्ति दी है। ये खंडवा ही नहीं प्रदेश के लिए गौरव की बात है। छाया पटेल 29 सितंबर को सुबह 11 कर्नाटक एक्सप्रेस से इस नियुक्ति के बाद खंडवा आ रही हैं। बोरगांव की बेटी पहलवान छाया पटेल का स्वागत किया जाएगा

## थ्री आर रथ के माध्यम से स्वच्छता संबंधी सामग्री की वितरित




**खण्डवा। स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत पदम नगर क्षेत्र में थ्री आर रथ के माध्यम से क्षेत्रीय निवासियों को स्वच्छता संबंधी सामग्री वितरित की गई। इस रथ द्वारा लोगों को कचरे के उचित प्रबंधन और पुन: उपयोग के महत्व के बारे में जागरूक किया गया, जिससे क्षेत्र में स्वच्छता को बढ़ावा मिल सके। साथ ही, क्षेत्र के नागरिकों से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखने की अपील की गई।**

इसी ' म में, झोन ' मांक 1 के अंतर्गत वार्ड' मांक 5 (किशोर कुमार गांगुली वार्ड) कृष्ण पुरम कॉलोनी में भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विशेष जागरूकता कार्य म आयोजित किया गया। वार्ड वासियों को डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन के चारों बॉक्स की जानकारी दी गई और उन्हें गीला व सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्य म के अंत में सभी वार्ड वासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, ताकि वे अपने आसपास की स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें और स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं।

## एए आइकॉन बनेंगी छाया पटेल



**खंडवा।** समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कुश्ती में जहां महिला वर्ग को हुनर निखारने के लिए मौका नहीं मिलताए वहां हरियाणा और पंजाब की तर्ज पर खंडवा में भी माहौल बनाने वाले लोग हैं। यही वजह है कि इस शहर से बेटियां बड़े मेडल जीतकर ला रही हैं। अब ये अपने टैलेंट के दम पर नौकरियां भी हासिल कर रही हैं। इस उदाहरण के बाद पहलवानी में युवतियों को और मौका मिलेगा। छोटे गांव से शुरू हुआ सफर

छाया पटेल की पहलवानी का सफर ग्राम बोरगांव खुर्द से चालू हुआ। कई स्टेट कंपटीशन जीते। उनका सिलेक्शन भोपाल अकेडमी में हुआ। लखनऊ कैंप में भी रहीं। छाया के द्वारा स्कूल नेशनल में सिल्वर अंडर 15 में ब्रोंजए ऑल इंडिया जूनियर में सिल्वर एवं यूनिवर्स सिटी में ब्रांच मेडल जीतकर लाई।बड़े मैडल्स ने दिलाई नौकरी इन मैडल्स के आधार पर सशस्त्र सीमा बल में कुश्ती खेल से महिला आरक्षक के पद पर नियुक्त की गई। छाया की पहलवानी को निखारने का कार्य स्वर्गीय हुकुमचंद यादवए स्वर्गीय रघुनाथ पांजरेए स्वर्गीय मंसाराम पटेलए जगदीश पटेलए मंगल यादवए राजेंद्र पांजरे ने किया।

## नंद घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की के जयकारों से गुंजा मनोकानेश्वर मंदिर

### किशोर नगर श्रीमद्भागवत चतुर्थ दिवस की कथा में मनाया श्री कृष्ण जन्मोत्सव



**खण्डवा। कंस की कारागार में वासुदेव. देवकी के भादों मास की अष्टमी को रोहणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था।श्री कृष्ण का लालन.पालन नंदबाबा के घर मे हुआ था। इसलिये नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। तुलसी के पत्तों को न तोड़ने एवं जल न चढ़ाने के लिए सिर्फ रविवार और ग्यारस के दिन का प्रावधान है।**

उक्त उदगार शनिवार को किशोर नगर में चल रही श्राद्ध मोक्ष श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस व्यासपीठ पर विराजित पूज्य पं मनोज उपाध्याय ने व्यक्त करते हुए कहे। समिति के मीडिया प्रभारी निर्मल मंगवानी ने बताया कि किशोर नगर रहवासी संघ एवं श्री मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर प्रबंधन समितिए मनोकामनेश्वर महिला मंडल एवं महादेव जी सेवा समिति के पं प्रेमनारायण तिवारीए शिवनारायण लाड़ए गौरव चौहानए श्री राम कुशवाहा और महिला मंडल अध्यक्ष निशा दुबे ने व्यासपीठ का विधि विधान से पूजन किया। पं मनोज उपाध्याय ने कृष्ण जन्म के साथ ही मत्स्य अवतारए गजेंद्र मोक्षए राम जन्म कथाए नानी बाई का मायराए भगवान नरसिंह की कथा का श्रवण कराया। भक्त प्रहलाद भक्ति की कथा एवं हिरण्यकश्यप का वध का व्रतांत सुनाया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के दौरान नंदघर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के उद्घोष से मनोकामनेश्वर मंदिर गूंज उठा। वहीं इस मौके पर अनेक सुंदर संगीतमय गीतों की प्रस्तुति पर भक्तगण जमकर झूमे। कथा में सुनील सोमानीए मनोहर चंदानी,हीरालाल पटेल, देवाशीष साकल्लेए पंण् राम उपाध्यायए राजेंद्र चौरे, भरत व्यासए कुसुम तिवारीए गायत्री व्यास, जानकी अग्रवालए किरन दुबेए कुशवाह भाभीए माया राधौर।

# खंडवा जिले में 1 लाख 2621 सदस्य कार्यकर्ताओं की मेहनत से बन चुके

## सदस्यता अभियान का लक्ष्य बड़ा है पूरी सक्रियता के साथ कार्यकर्ता जुट जाएंगे तो लक्ष्य पूर्ण होगा

**खंडवा। पूरे देश में 1980 में मुंबई में जन्म लेने वाली भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन पर्व मना कर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा हैए इन दोनों मध्य प्रदेश में कोई चुनाव नहीं हो रहे हैं लेकिन पार्टी का एक कार्यकर्ता संगठन महापर्व के दौरान प्रदेश संगठन के निर्देश पर पूरी स र्ि यता के साथ सदस्यता अभियान में शामिल होकर नए सदस्य बने बना रहा है।**

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रत्येक जिले का सदस्यता अभियान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसी के अनुरूप खंडवा जिले में भी जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल एवं सदस्यता अभियान प्रभारी राजेश तिवारी के मार्गदर्शन में सभी जनप्रतिनिधि पार्टी के पदाधिकारी एवं जांबाज कार्यकर्ता बुथ स्तर पर लोगों को पार्टी की रीति नीति बता कर सदस्य बना रहे हैंए भोपाल के साथ जिला मुख्यालय खंडवा एवं मंडल स्तर पर सदस्यता अभियान की समीक्षा का कार्य भी चल रहा हैए शनिवार को भाजपा कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर खंडवा विधानसभा क्षेत्र की बैठक संपन्न हुईएजिसमें पदाधिकारी द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया गया कि जो लक्ष्य निर्धारित है उसे पूर्ण करने में कार्यकर्ता लग जाएए



प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि मध्यप्रदेश भाजपा के कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत व परिश्रम से सदस्यता में बना नया इतिहास रचा जा रहा है मध्यप्रदेश लक्ष्य से 70 प्रतिशत से अधिक आगे बढ़ गए हैंएअब तक एक करोड़ 5 लाख से अधिक लोगों ने मिस्डकॉल से भाजपा की सदस्यता ली हैए सदस्यता अभियान में मध्यप्रदेश देश में तीसरे नंबर हैए पहले नंबर पर असम और दूसरे नंबर पर हिमाचल प्रदेश हैए लेकिन बड़े राज्यों में मध्यप्रदेश पहले स्थान पर है। 28 सितंबर प्रातः 10रू30 बजे तक खंडवा जिले में 102621ए खंडवा विधानसभा में 37500ए मांधाता विधानसभा में 26435एपंधाना विधानसभा में 25195 और हरसूद विधानसभा में 13491 सदस्य बन चुके हैंए बैठक को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे ने कहां की सदस्यता अभियान में लगातार खंडवा विधानसभा आगे बढ़ रहा है लेकिन लक्ष्य बड़ा है हम सब मिलकर लक्ष्य को पूर्ण करेंएएक.एक बुथ प्रभारी प्रतिदिन 30 सदस्य यदि बनाएगा तो हमारा लक्ष्य पूर्ण हो जाएगा।

# प्रशासन की लापरवाही की भेंट चढ़ा ओंकारेश्वर का तोमर बस स्टैंड

## इंदौर के सरवटे की तर्ज पर बसों के रुट तय की मांग उठी







**ओंकारेश्वर - ( निप्र ) विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर का स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह बस स्टैंड लापरवाही के चलते अव्यवस्था का केंद्र बनता जा रहा है स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह बस स्टैंड भव्य सुंदर बना हुआ है किंतु घोर अव्यवस्थाओं के चलते इस भव्य एवं सुंदर स्वः लोकेंद्र सिंह बस स्टैंड में आवश्यक सुधार की आवश्यकता है यत्र तत्र सर्वत्र जहां ड्राइवर का मुंह होता है वहां पर बस खड़ी कर दी जाती है यंहा वहां खड़ी बसे बस स्टैंड की व्यवस्था को बिगाड़ रही है।**

### वाहनों को रुट वाइज लगाकर वाहनों को खड़े करवाने का सुझाव दिया था

जिससे डिप्टी कलेक्टर ने जिम्मेदार प्रतिनिधियों को विश्वास दिलाया था कि शीघ्र ही नोटिस बोर्ड पर दरे एवं रूट वाइस बस ओ के बोर्ड लगाया ना सुनिश्चित की जाएगी टेंपो की तथा व्यवस्थित संचालन निर्धारित जगह से ही बसों का होगा सुझाव बढ़िया है इस पर अमल करवाया जाएगा किंतु अभी तक उसको अमली जामा नहीं पहनाया गया मुख्य रूप से ज्योतिर्लिंग उज्जैन इंदौर रुढ़ की बसें रवाना होती है सभी वाहनों के लिए सुव्यवस्थित बसों को लगाया जाता है तो संभावित दुर्घटना को भी टाला जा सकेगा तथा आने वाले श्रद्धालुओं को स्वःलोकेंद्र सिंह बस स्टैंड पर बसे सुअवस्थित लगने से विवाद नहीं होंगे।

तत्कालीन दिवंगत विधायक लोकेंद्र सिंह तोमर द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर बस स्टैंड का निर्माण करवाया गया था इस सोच के साथ की आने वाले श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित बस स्टेण्ड का संचालन स्थानिय प्रशासन द्वारा किया जायेगा किंतु यह विशाल एवं भव्य बस स्टैंड प्रशासन क लापरवाही की भेंट चढ़ गया है नगर परिषद .आर टी ओ .यातायात पुलिस व जिम्मेदार विभाग की लापरवाही के चलते इंदौर . . खंडवा . खरगोन .धामनोद प्रमुख रूढ़ो पर स्टैंड से बसो की आवाजाहि प्रतिदिन 100 से अधिक बसों की होती है पर्वों के समय में यह संख्या सैकड़ो में पहुंच जाती है नगर परिषद ओंकारेश्वर द्वारा पार्किंग के नाम पर मोटी रकम भी वसूली जाती है किंतु सुव्यवस्थित पार्किंग नहीं की जा रही है लापरवाही के चलते अस्त व्यस्त मुख्य मार्ग के आस पास भीतर टेपो खड़े होते हैं जिससे श्रद्धालुओं को भी समझ नहीं आता किस रूट की बस में कहां से बेठना है तथा तीन पहिया वाहन टेंपु स्टैंड भी व्यवस्थित नहीं होने के कारण यातायात व्यवस्था भी पूरी तरह ध्वस्त नजर आती है जिससे तीर्थ की छवि भी यहां खराब हो रही है।

ओंकारेश्वर विकास संघर्ष समिति के पदाधिकारी विजय जैन .ललित दुबे . जयप्रकाश पुरोहित . हरीश शर्मा .आनंद वर्मा .देवेंद्र चौकसे .मंगल सिंहठाकुर.सहित अन्य जिम्मेदार प्रतिनिधियों ने कलेक्टर पुलिस अधीक्षक की बैठक में कई बार इस मुद्दे को उठाया हाल ही में नगर परिषद कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर काशीराम बडोले एवं नगर परिषद सीएमओ संजय गीते को रूट तय कर सुचना बोर्ड लगाने एवं टेंपो स्टैंड पर सुनिश्चित करने संबंधित बोर्ड लगाने की मांग की गई थी ।

# विद्यार्थियों को बताया कैसे बचें डिजिटल अरेस्ट से

## खेल, पुलिस और उच्च शिक्षा विभाग आयोजन




**खंडवा।** खंडवा खेल और युवा कल्याण विभाग खण्डवा द्वारा पुलिस विभाग व उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से नीलकंठेश्वर महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता ही संस्कार एवं मेरा युवा भारत (माय भारत) डिजिटल सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस दौरान यहां पहुंचे विद्यार्थियों को बताया गया कि वे डिजिटल अरेस्ट से कैसे खुद को बचा सकते हैं। अभियान के अंतर्गत नीलकंठेश्वर महाविद्यालय एनएसएस प्रभारी में आशुतोष जी की उपस्थिति में जागरुकता शिविर लगाया गया। शिविर में सायबर सेल पुलिस विभाग से जितेंद्र राठौर, विं म वर्मा ने साइबर ' इम सुरक्षा एंव डिजीटल अरेस्ट से सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने साइबर ' इम से कैसे बचा जा सके उसके उपाय बताए। महिलाओं के सुरक्षा हेतु उपाय बताए गए जिससे छात्राएं जागरूक होकर अपने साथ और समाज में हो रहे ' इम के बारे में जागरूक होकर बच सकते हैं। जिला खेल प्रशिक्षक (ग्रेड 1) अमीन अहमद ने भी सोशल मीडिया पर सावधानी पूर्वक स्तेमाल पर प्रकाश डाला जिससे व्यक्ति अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के साथ सुरक्षित जीवन जी सके। कार्यं म में एसएन कॉलेज के छात्र छात्राओं सहित खेल विभाग की पूनम बचले, दुर्गा वास्कले, नीलेश रायकवार, चेतन गौहर, टीना पाठक, सुनील मौरे उपस्थित थे।

# स्वच्छ भारत अभियान में भोलेनाथ ग्रुप एवं जीए सिंध सेवा संगम ने लिया हिस्सा




**खंडवा।** स्वच्छ भारत महाअभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नगरीय प्रशासन द्वारा पूरे प्रदेश में स्वच्छता अभियान जलाया जा रहा है जिसके तहत जगह-जगह विशेष सफाई अभियान चल रहा है साथ ही साथ अनुपयोगी वस्तुओं को फिर से उपयोग में लाने एवं उन्हें फिर से उपयोगी बनाने हेतु भी सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं। नगर निगम की हर योजना एवं अभियान में जय भोलेनाथ ग्रुप एवं जीए सिंध सेवा संगम द्वारा संयुक्त रूप से पदम नगर कॉलोनी में नए जैसे उपयोग में आने वाले कपड़े संग्रहित किए गए साथ ही जूते चप्पल एवं अन्य घरेलू वस्तुओं भी घर-घर जाकर संग्रहण किया गया तत्पश्चात आज सुबह ओम श्री पद्मेश्वर महादेव मंदिर परिसर में नगर निगम के इस योजना के तहत चलाया जा रहा है। अनुकूल गारमेंट के प्रकाश चंचलानी द्वारा कुछ नए वस्त्र भी दिए गए इस अवसर पर जय भोलेनाथ ग्रुप के मनोहर शामनानी, नंदा चंचलानी, रेशमा साहनी, कैलाश साहनी, जिए सिंध सेवा संगम की उपाध्यक्ष पुष्पा चंचलानी भी अपने साथियों सहित उपस्थित रही इसके पूर्व 17 सितंबर को किशोर कुमार समाधि स्थल परिसर पर सफाई अभियान में भी जय भोलेनाथ ग्रुप एवं जीए सिंध सेवा संगम के साथियों द्वारा सफाई अभियान में सहभागिता की गई थी।

# खंडवा के यथार्थ खेलेंगे आईटीए चैंपियनशिप



**खंडवा।** मध्य प्रदेश टेनिस एसोसिएशन द्वारा इंदौर में आयोजित एआईटीए चैंपियनशिप सीरीज–7 का आयोजन किया जा रहा है। 30 सितंबर से 4 अक्टूबर 2024 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में खंडवा के लॉन टेनिस के उभरते खिलाड़ी यथार्थ यादव अंडर–14 भाग ले रहे हैं। खेल और युवा कल्याण विभाग के जिला खेलह्व प्रशिक्षक अमीन अहमद ने बताया कि एंजेल्स प्लेनेट स्कूल में अध्यनरत और जिला टेनिस प्रशिक्षण केंद्र खंडवा के खिलाड़ी यथार्थ यादव लॉन टेनिस में बहुत ही लगन के साथ प्रतियोगिताओं के लिए तैयारी कर रहे हैं। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए खंडवा पुलिस अधीक्षक मनोज राय, सीईओ जिला पंचायत नागार्जुन गौवड़ा, खेल अधिकारी आरजी बांगरिया, एटीडीएस अध्यक्ष प्रमोद चतुर्वेदी सहित एंजेल प्लेनेट के संचालक, प्राचार्य आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

# खंडवा जिले में अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही





**खंडवा । दिनांक 27/09/2024 और 28/09/2024 को खंडवा जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध कलेक्टर खंडवा श्री अनूप कुमार सिंह के आदेश एवं जि़ला आबकारी अधिकारी श्री विकास मंडलोई के मार्गदर्शन में संयुक्त आबकारी बल द्वारा संपूर्ण जिले में कार्यवाही की गई ।**

आबकारी टीम द्वारा ग्राम पुनासा, मोहना, खुटला, आरोदा, भावसिंहपुरा, बेनपुरा, डोंगरी में मुखबिर की सूचना पर 2000 लीटर महुआ लहान तथा 170 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की ।दिनांक 28/09/2024 को खंडवा शहर के कंजर मोहल्ले में अलग अलग स्थानों से नालियों के किनारे तथा कचरे के ढेर में गड्ढों में गाड़कर छुपाकर रखे 259 पाव अंग्रेजी मदिरा गोवा व्हिस्की तथा 65 पाव देशी मदिरा प्लेन के जप्त किए गए । कार्यवाही में कुल म. प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 25 प्रकरण कायम किए गए । जप्त मदिरा का बाज़ार मूल्य लगभग 265000 रुपये है।

उक्त कार्यवाही में सहायक जि़ला आबकारी अधिकारी चंदन सिंह मीना आबकारी उपनिरीक्षक अंकित सोलंकी,हेमलता मुवेल, विकास दत्त शर्मा आबकारी मुख्य आरक्षक तेरसिंग,आबकारी आरक्षक प्रेमलाल, श्रवण, संगीता , देवराम,विजेता, विनोद का विशेष योगदान रहा।

# भगत सिंह को याद किया गया

**खंडवा।** शहीद भगत सिंह की शहादत को याद रखें। श्री जैन शहीद भगत सिंह की 117 बी जन्म जयंती पर उन्हें याद करना और उनकी शहादत का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। जो कोई भी व्यक्तित्व, तन समर्पित ,मन समर्पित और यह जीवन समर्पित ,का भाव रखते हुए ,अपना आचरण करता है। देश के प्रति समर्पण भाव रखता है वह सभी व्यक्तित्व सम्मान के पात्र हैं । यह बात शिक्षक आनंद कुमार जैन ने मोतीलाल नेहरू विद्यालय में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही आपने आगे कहा शहीद भगत सिंह का जीवन प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणास्पद है। प्रत्येक विद्यार्थी को अपने देश के प्रति समर्पण भाव रखतना चाहिए। इसके लिए प्रत्येक विद्यार्थी को माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करते हुए, अपनी पढ़ाई लिखाई अच्छे से करना चाहिए। अगर विद्यार्थी वर्ग ने ऐसा किया तो वह स्वयं को उपयोगी और उत्पादक मानव संसाधन बना सकेंगे ,और देश के समक्ष जो चुनौतियां हैं उन चुनौतियों का सामना सहजता से कर सकेंगे। साथ ही देश को सतत उन्नति के पद पर अग्रसर कर सकेंगे ।

# समन्वय समिति खंडवा द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक महोदय का सम्मान किया




**खंडवा।** विगत दिनों दोनों समुदायों के बड़े त्यौहार थे जिसमें जुलूस और झांकियां का कारवां शहर के विभिन्न भागों से निकला गए उस दौरान अमन शांति का वातावरण रहा और हर्ष उल्लास के साथ आम जनता ने अपने अपने त्यौहार मनाए पुलिस प्रशासन की ओर से बहुत ही अच्छा तारीफ के काबिल काम किया गया।

शहर में शांति बनी रही आज समन्वय समिति द्वारा पुलिस प्रशासन का सम्मान किया गया जिसमें श्रीमान जिला पुलिस अधीक्षक महोदय और श्रीमान एडिशनल एसपी महोदय का फूल माला पहनकर और गुलदस्ता देकर सम्मान किया गया इस अवसर पर समन्वय समिति प्रतिनिधि मंडल में उपस्थित रहे हाजी अजीज शाह, अनिल बाहेती ,लियाकत हुसैन ,ओम प्रकाश मालवीय ,सरदार मंजीत सिंह सलूजा, अब्दुल मजीद कुरैशी, धीरज भावसार आदि सदस्य मौजूद रहे । पुलिस अधीक्षक मनोज राय ने कहा कि सभी के सामुहिक सहयोग से ही व्यवस्था बनती है ,समिति को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया ।

## दादाजी की नगरी खंडवा में भैया और बहनों का खेलकूद प्रतियोगिता का शानदार आयोजन,

# विद्या भारती एवं अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान मालवा के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में शिशु मंदिर के भैया बहन कर रहे हैं शानदार प्रदर्शन

### मध्य भारत, महाकौशल, छत्तीसगढ़, व मालवा प्रांत के बीच हो रही है प्रतियोगिता

**खंडवा । विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान मालवा के मार्गदर्शन में चल रहे 35 वा क्षेत्रीय खेलकूद समारोह 26 सितंबर से स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कल्याणगंज खंडवा विद्यालय में चल रहा है, जिसमें शनिवार को प्रातः से लेकर दोपहर तक कई प्रतियोगिताएं स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड पर संपन्न हुई, जिसमें बाल वर्ग से लेकर किशोर वर्ग के भैया बहनों ने लंबी कूद, बाधा दौड़, भाला फेंक, चक्ति फेक आदि प्रतियोगिताओं में सहभागिता की ।**






समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि दादाजी की नगरी खंडवा में यह प्रतियोगिता दो प्रदेश चार प्रांत जिसमें मध्य भारत, महाकौशल, छत्तीसगढ़ व मालवा प्रांत के बीच चल रही है, शनिवार को गुरु गोविंद सिंह स्टेडियम एवं सरस्वती शिशु मंदिर कल्यानगंज में इन सभी प्रतियोगिताओं में सभी वर्गों के भैया बहनों ने पूरे दमखम के साथ मैदान पर उतरकर अपनी योग्यता का परिचय दिया, इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यं मों की भी मनमोहक प्रस्तुतियां हुई। इस अवसर पर भालचंद्र रावले क्षेत्रीय संगठन मंत्री मध्यक्षेत्र, जितेंद्र परिहार क्षेत्रीय मंत्री मध्य क्षेत्र, मनमोहन उपाध्याय क्षेत्रीय पर्यवेक्षक,राजेन्द्र पाल क्षेत्रीय खेलकूद समारोह प्रभारी,विद्या भारती मालवा प्रांत के प्रांत प्रमुख पंकज पवार ,मध्य क्षेत्र के खेल प्रमुख श्री भास्कर वडनेकर, प्रादेशिक सचिव प्रकाश धनगर, कैलाश धनगर, खंडवा विभाग समन्वयक व खेल प्रमुख सत्यनारायण लवंशी विद्यालय समिति के सचिव रविंद्र बंसल कोषाध्यक्ष ओम दशोर राजेंद्र अग्रवाल भूपेंद्र सिंह चौहान,विमल खंडेलवाल, समाजसेवी सुनील जैन सहित संस्था प्राचार्य श्रीमती शोभा तोमर प्रधानाचार्य दिलीप सपकाले, जितेन्द्र महाजन , राधे श्याम चौहान व नगर के पांचो विद्यालय के प्राचार्य व प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# दैनिक विनय उजाला अखबार का राज्य स्तरीय सम्मान समारोह सम्पन्न

## केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और अमृता यादव हुए शामिल




## पत्रकारिता के क्षेत्र में स्वच्छ छवि विनय उजाला परिवार की पहचान - केंद्रीय मंत्री

**इंदौर (राष्ट्रीय जनभावना)** दैनिक समाचार पत्र विनय उजाला का गोरव पूर्ण आयोजन , एसजीएसआईटीएस परिसर में दैनिक विनय उजाला अखबार का 10वां राज्य स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ एवं पत्रकारिता के सजग प्रहरी के रूप में विनय उजाला परिवार की 16 वर्षो की सफल यात्रा के अवसर पर प्रदेश के कई गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव, खंडवा की मेयर अमृता यादव, धार के बीजेपी जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। विनय उजाला के संचालक वीरेंद्र कुमार मिश्रा और विनय मिश्रा ने सभी माननीय अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सभी अतिथियो ने पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने के लिए दैनिक विनय उजाला की जमकर सराहना की। केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने अपने संबोधन की शुरूआत सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास के नारे के साथ की। उन्होंने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक की भूमिका अहम है, इसलिए सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास का नारा देश के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर के लगातार सात बार नंबर वन आने पर कहा कि इंदौर की यह ऐतिहासिक उपलब्धि किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी का नतीजा है। नारी शक्ति पर उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के संकल्प की कल्पना बिना नारी के नहीं की जा सकती है। भारत को विकसित बनाना है तो महिलाओं को अवसर देने होंगे जों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में ही संभव है। विनय उजाला परिवार को इंदौर की पत्रकारिता का उजाला बताते हुए इंदौर के मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि निर्भीकता और निष्पक्षता से पत्रकारिता करने का उदाहरण अगर किसी ने पेश किया है तो वह विनय उजाला अखबार है। विनय उजाला के नवाचार शहर ही नहीं प्रदेश स्तर तक सफलतापूर्वक पहुंचे है। नगर निगम के कार्यो और रिपोर्ट कार्ड को पेश करते हुए उन्होंने कहा कि इंदौर का डीएनए नवाचार का है। सूखे कचरे और ग्रीन वेस्ट के मैंनेजमेंट का कार्य निगम द्वारा शुरू किया गया है। 2050 के इंदौर की रूपरेखा को 2 वर्षो में धरातल पर लाने का काम नगर निगम में किया है। 23 मास्टर प्लान की सडके सेंशन हुई है। आज पूरा शहर एलईडी लाइट्स की रोशनी से जगमग हुआ है।खंडवा मेयर अमृता यादव ने दैनिक विनय उजाला के संपादक वीरेंद्र कुमार मिश्रा को धन्यवाद देते हुए कहा कि अखबार समाज में पॉजिटिव सोच का विस्तार कर रहा है जों सराहनीय है। आज के दौर में स्वच्छ पत्रकारिता करना मुश्किल है लेकिन विनय उजाला की टीम ने यह काम कर दिखाया। धार के बीजेपी जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी ने विनय उजाला अवार्ड्स की तारीफ करते हुए कहा कि समाज के सज्जन लोगों को सम्मानित करने के लिए विनय उजाला परिवार का हृदय से धन्यवाद। विनय उजाला इसी प्रकार से निरंतर प्रगति करें यही हम सबकी कामना है।



















# नेता की खोपड़ी और झोली

सवेरे बैठक में अखबार पढ़ने बैठा ही था कि मंगू आ धमका। पूछा कोई खास खबर?

एक कपाली संन्यासी ने प्रवचन में कहा कि एक खोपड़ी ऐसी भी है जिसमें कितना भी डालो सदा खाली की खाली, सुनकर निर्जला रह कर ध्यान लगाया पर अभी तक इसका राज समझ में नहीं आया

आएगा भी नहीं,वह खोपड़ी किसी और की नहीं; मंगू की है ! नहीं समझा? कोई भी बात मतलब की छोड़कर तेरे भेजे में बैठती ही नहीं फटी जेब की तरह।

खोपड़ी की किस्मों की, किस्म विशेषता को? जानने के लिए भेंट की पहली बार वो भी अनामंत्रित पधारे ख्याति प्राप्त डॉ छेदीलाल खोपड़ी विशेषज्ञ से; मन, बुद्धि विकृत मरीज जैसी लाइलाज बीमारी उनकी जादुई छड़ी से छू-मंतर।

मैं मंगू सिंह पटेल प्रधान के? नाते पूछना चाहता हूं उन? खोपड़ियों की जानकारी सप्रमाण जिनके कारण मुझे अर्थात मेरी खोपड़ी को खाली की? खाली कहकर मेरी खोपड़ी का मज़ाक़ उड़ाया जा रहा है÷

डॉ छेदीलाल मुस्कराते हुए बोले, ÷एक बार कपाली खप्पर लिए हुए भीख में केवल पेय पदार्थ मांगता जिसे अपने खप्पर में डलवाए जा रहा था परंतु वह खप्पर भर ही नहीं रहा था। पूछा .. बाबा खप्पर क्यों नहीं भर रहा किसका बना हुआ है यह डॉक्टर हैं आपने कई खोपड़ीं देखी होंगी, खोली होंगी जैसे वानर, भालू, कुत्ता बिल्ली, मोर, कबूतर, हाथी, घोड़ा और उल्लू सभी खोपड़ीं भरी हुई मिलेगीं परंतु आदमी की सदा खाली की खाली ठीक भिखारी की झोली की तरह। यह खप्पर भी है? आदमी की खोपड़ी

मास्टरजी, अब समझ में आया आपका कहने का राज, सच में मेरी खोपड़ी भी सदा खाली की खाली

तुम नेता हो भले छुटभैये की लाइन में, फिर भी नेता तो हो! जैसे जैसे नेतागीरी में पद बढ़ता है वैसे-वैसे तेरी खोपड़ी की तरह उनकी खोपड़ी की साइज भी वृद्धि को प्राप्त होती है।उनकी खप्पर रूपी खोपड़ी मे, न्याय और ईमानदारी से अपराधों की रोकथाम, घूसखोरी, जमाखोरी, हिंसा, बलात्कार, अपहरण, दादागिरी, गुंडागर्दी जैसी जन समस्याओं के संबंध में कोई भी चर्चा नहीं ठहरती, इसीलिए विपदाओं का कहर आमजन झेलने को मजबूर है÷।

खोपड़ी में से निकाल कर नेता कहां रखते हैं इन सबको

खाली खोपडी के साथ एक खाली जादुई झोली भी रखते हैं जिसमें से सुरक्षित छुपे रिश्वत के तरीके, कमीशन की आदि भ्रष्टाचार से कमाई छुपाने के गुरु। लुटेरे, हत्यारे खुद व किराए के माफियाओं की सुरक्षा आदि अनैतिक हथगण्डे निकाल कर आवश्यकता अनुसार खोपड़ी द्वारा उपयोग करते रहते हैं। फलस्वरूप अपराध पकड़ने की किसी भी प्रकार की विधि फेल हो जाती है।

इसीलिए अनैतिक कृत्यों, कुकर्मों का बाजार फलफूल रहा है।

अब तो एक ही सहारा शेष कलयुगी अवतार।

**बच्चू लाल परमानंद दीक्षित**
**ग्वालियर 8349160755**

# मध्यप्रदेश सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर खेलो एमपी यूथ गेम्स का होगा भव्य आयोजन

## मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने तैयारियों के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की बैठक

**भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने खेलो एमपी यूथ गेम्स 2024 की तैयारियों के संबंध में टीटी नगर स्टेडियम में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि खेलों एमपी यूथ गेम्स 2024 के माध्यम से हमारे प्रदेश के हर खेल में प्रतिभाशाली खिलाड़ी तैयार हो सके इसके लिये समीति चयन प्रक्रिया तैयार करें। वहीं स्कूल शिक्षा व जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के साथ भी समन्वय किया जाये। उन्होंने खेलो



एमपी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रदेश की टीमों में प्राथमिकता देने के भी निर्देश दिये।

### 4 चरणों में होगा खेलो एमपी यूथ गेम्स-2024

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि प्रदेश में 13 दिसंबर से खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन 4 चरणों में किया जा रहा है। विकासखंड स्तर से इन खेल की शुरुआत होगी, जिसमें जिला, संभाग और फिर राज्य स्तर पर जाकर खिलाड़ी अपना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर 313 विकासखंड, संभाग स्तर पर 55 जिले, राज्य स्तर पर प्रदेश के 8 संभाग भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, रीवा, सागर, उज्जैन, शहडोल की टीमों की सहभागिता होगी। वहीं प्रदेश के 7 शहरों में राज्य स्तरीय आयोजन किये जायेंगे।

### खेलो एमपी में 25 खेलों प्रतिभागिता करेंगे खिलाड़ी

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि खेलो एमपी यूथ गेम्स में कुल 25 खेलों में खिलाड़ी प्रतिभागिता करेंगे। इसमें एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, मलखम्ब, तैराकी, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, टेबल-टैनिस, योगासन, व्हालीबॉल, टेनिस, क्रिकेट, शतरंज, ताईक्वांडो, फैंसिंग, रोईंग, कयाकिंग-कैनोइंग, शूटिंग एवं आर्चरी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आयोजन में अधिक से अधिक खिलाड़ी प्रतिभागिता कर सकें इसके लिये व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

### मंत्री श्री सारंग ने स्नूकर खिलाड़ी कमल चावला को किया सम्मानित

बैठक से पहले मंत्री श्री सारंग ने प्रदेश के स्नूकर खिलाड़ी श्री कमल चावला से भेंट कर विश्व सिक्स रेड स्नूकर चैम्पियनशिप जीतने पर बधाई प्रेषित करते हुए उन्हें सम्मानित किया। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि श्री चावला की यह उपलब्धि अनेक युवाओं के लिये प्रेरणा है। उन्होंने कठिन मुकाबले में पाकिस्तान के पूर्व प्रोफेशनल खिलाड़ी को टक्कर देते हुए यह खिताब अपने नाम किया है, जिससे आज पूरा देश व प्रदेश गौरवांवित हुआ है। उल्लेखनीय है कि श्री कमल चावला एशियन टीम स्नूकर, वर्ल्ड मास्टर स्नूकर सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं।

# प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर घमासान जारी

## दिल्ली दरबार के चक्कर काट रहे जीतू पटवारी

इंदौर। मध्य प्रदेश कांग्रेस पार्टी के नए अध्यक्ष को पद ग्रहण करे करीब 9 महीने का समय बीत गया है, लेकिन अभी तक उन्होंने अपनी कार्यकारिणी नहीं बन पाए हैं। इसकी प्रमुख वजह कांग्रेस के नेताओं में आपसी सामंजस्य नहीं बन पाना माना जा रहा। हालांकि जीतू पटवारी कई बार कह चुके हैं कि अगले हफ़्ते कार्यकारिणी की लिस्ट जारी हो जाएगी। अब माना जा रहा है कि नवरात्रि के समय कांग्रेस अपनी कार्यकारिणी घोषित कर सकती है। इसे लेकर जीतू पटवारी लगातार दिल्ली दरबार के चक्कर काट रहे हैं। शुक्रवार को भी वे दिल्ली दौरे पर पहुंचे और आला कमान से मुलाकात की है।



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने कहा कि तारीख पर तारीख मिलती है, जज साहब वाला फिल्मी डायलॉग जीतू पटवारी के लिए ही लिखा गया होगा। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी जितेंद्र भंवर सिंह समेत जीतू कई बार कह चुके हैं कि 10 दिनों के अंदर एमपी में नई कार्यकारिणी होगी।

इसे लेकर जीतू की दिल्ली दौड़ भी जारी है और दिल्ली है कि सूची पर रजामंदी ही नहीं जता रही। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि हाईकमान भी प्रदेश प्रभारी या प्रदेशाध्यक्ष के बदलाव का इंतजार कर रहा है। सलूजा ने यह भी कहा कि जितेंद्र या जीतू में किसी न किसी की फाइल कांग्रेस हाईकमान जरूर निपटाएगा।

तंज यह भी कसा कि 09 माह से अध्यक्ष का पद संभाल रहे जीतू शायद वार्षिकी की इंतजार कर रहा है। इंदौर समेत अन्य जिलों की हालत इतनी खराब है कि जिला अध्यक्ष को लेकर ही मंथन विचारों से बाहर नहीं आ पा रहा है। अजब कांग्रेस की यही गजब कहानी है। हालात ऐसे कि जीतू पटवारी के नेतृत्व में पार्टी गई तेल लेने।

### कांग्रेस का पलटवार

भाजपा नेताओं के इस सवाल पर काग्रेस ने भी पलटवार किया है। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता संगीता शर्मा ने कहा कि पार्टी की चिंता करने वाली भाजपा को अपनी चिंता नहीं है। वीडी शर्मा का कार्यकाल खत्म हो चुका है। नए अध्यक्ष का अता पता नहीं है। गुटबाजी ऐसी कि केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक के खिलाफ पार्टी के दो बड़े नेताओं ने मोर्चा खोला। रीवा से लेकर सागर में भाजपा अंतर्द्वंद का शिकार है। भाजपा प्रदेश संगठन में हालात ऐसी है कि दिल्ली रिमोट से कभी भी प्रदेश में कई विकेट गिर सकते हैं।

यह भी कहा कि कांग्रेस पर बयानबाजी करने से बहतर है कि भाजपा अपनी सरकार को देखें। जहां अब महिलाएं, युवतियां ही नहीं बल्कि बच्चियां भी सुरक्षित नहीं हैं। दूसरी पार्टी की खबर रखने का दावा करने वाली भाजपा ने राजधानी भोपाल में दुष्कर्म के बाद हत्या का शिकार हुई पांच वर्षीय बच्ची के परिजनों की तक खबर नहीं ली।

# 1 अक्टूबर से शुरू होगा सदस्यता अभियान का दूसरा चरण

**इंदौर।** डेढ़ करोड़ नए सदस्य बनाने का टारगेट लेकर चल रही मप्र भाजपा ने सदस्यता अभियान में पहले चरण में एक करोड़ से अधिक सदस्य बना लिया है। अब पार्टी का फोकस 1 अक्टूबर से शुरू होने वाले सदस्यता अभियान के दूसरे चरण पर है। दूसरा चरण शुरू होने से पहले पार्टी कमजोर परफॉर्मेंस वाले जिलों के सदस्यता प्रभारियों को बदला जाएगा। उनके स्थान पर नए सदस्यता प्रभारियों की नियुक्ति की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक सदस्य बनाया जाए। गौरतलब है कि 24 दिन चले सदस्यता अभियान के प्रथम चरण के 25 सितंबर को समाप्त होने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश में एक करोड़ से अधिक सदस्य बनाए जाने का दावा किया है। अब पार्टी 28 सितंबर को पहले चरण को लेकर समीक्षा करेगी। इसके बाद 1 अक्टूबर से दूसरे चरण का अभियान प्रारंभ किया जाएगा। भाजपा के संगठन पर्व के अंतर्गत चलाए गए सदस्यता अभियान में लक्ष्य से पीछे रहने वाले एक दर्जन जिलों के प्रभारियों को भाजपा बदलेगी। यह काम पूरे प्रदेश से आई समीक्षा रिपोर्ट के बाद किया जाएगा।

**एक दर्जन जिलों में सदस्यता अभियान रहा कमजोर**-भाजपा के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पहले चरण में जिन एक दर्जन जिलों में सदस्यता अभियान कमजोर रहा है वहां के सदस्यता प्रभारियों को बदला जाएगा और नए प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। इसके लिए पार्टी ने नए नेताओं का चयन किया है जिन्हें समीक्षा बैठक के बाद जवाबदारी सौंपी जाएगी। 29 को प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम के दौरान भी सदस्यता का क्रम जारी रखा जाएगा। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि अभी तीन दिन का समय इन जिलों के प्रभारियों के पास है वह कितनी सख्या बढ़ा सकते हैं यह देखा जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण की रूपरेखा तैयार की जाएगी। वरिष्ठ नेतृत्व का मानना है कि बारिश के चलते और किसी क्षेत्र में विधायक एवं सांसद के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों के अन्य काम में व्यस्त होने के कारण सदस्यता कम हुई है। उन्हें आगामी तीन दिनों में इसे पूरा करने को कहा जाएगा, उसके बाद दूसरे चरण की तैयारी की जाएगी।

**100 सदस्य बनाना अनिवार्य**-भाजपा ने पार्टी का सदस्य बनने के लिए हर कार्यकर्ता को सौ सदस्य बनाने की जिम्मेदारी दी है। इसके बाद ही वह सक्रिय सदस्य बन पाएगा। गौरतलब है कि बूथ से लेकर मंडल, जिला पदाधिकारी बनने के लिए पार्टी का सक्रिय सदस्य होना जरूरी होता है। सक्रिय सदस्य ही संगठन का चुनाव लड़ सकता है। पार्टी ने 25 सितंबर को प्रदेश के सभी 64,871 बूथ पर कम से कम सौ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा था।

# 25 हजार करोड़ की छूट का हिसाब-किताब करेगा वित्त विभाग

इंदौर। मध्य प्रदेश सरकार किसान, औद्योगिक इकाई और घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध कराने के लिए 25 हजार करोड़ रुपये की छूट बिल में देती है। इसी तरह, अन्य विभागों की ओर से विभिन्न योजनाओं के माध्यम से छूट व प्रोत्साहन दिया जाता है।

वर्षभर में तीन लाख 26 हजार करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है। इसमें बड़ा हिस्सा विभिन्न विभागों द्वारा दी जाने वाली छूट व प्रोत्साहन पर व्यय हो जाता है। अब इस व्यय को कम करने पर मंथन किया जाएगा। वित्त विभाग ने वाणिज्यिक कर, ऊर्जा, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन सहित अन्य विभागों से छूट और प्रोत्साहन स्वरूप दी जाने वाली वित्तीय सुविधा का हिसाब मांगा है। वित्त विभाग की संचालक बजट तन्वी सुन्द्रियाल ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और बजट नियंत्रण अधिकारियों को पत्र लिखकर से राजस्व पर प्रभाव डालने वाले प्रोत्साहन का ब्यौरा मांगा है। इसके आधार पर इसकी उपयोगिता पर विचार किया जाएगा। देखा जाएगा कि इसे किस रूप में और कितना जारी रखा जाए, ताकि आगामी वित्तीय वर्ष में सरकारी राजस्व पर बहुत अधिक भार न पड़े।

**भवन अनुज्ञा की निर्धारित सीमा से अधिक निर्माण को वैध करने दी छूट**-नगरीय सीमा में भवन अनुज्ञा से अधिक किए गए 30 प्रतिशत निर्माण को वैध करने का प्रविधान किया गया है। इससे नगरीय निकायों को जो अतिरिक्त राजस्व मिलता, वह नहीं मिल रहा है। खेती की लागत कम करने के लिए किसानों को ब्याज रहित अल्पावधि कृषि ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पर प्रतिवर्ष लगभग आठ सौ करोड़ रुपये का अनुदान जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों को दिया जा रहा है।

कार्टून कोना..........




# न्यायिक आदेशों के मामले में तहसीलदारों पर नहीं होगी एफआईआर

इंदौर। मध्य प्रदेश सरकार ने 3 साल पुराने आदेश को पुनरीक्षित किया है। जबलपुर में तहसीलदार की गिरफ्तारी और प्रदेशव्यापी आंदोलन के बाद मध्य प्रदेश सरकार ने अपने आदेश में सुधार किया है।

सरकार ने स्पष्ट किया है,तहसीलदारों को राजस्व न्यायालय के पीठासीन अधिकारी के तौर पर मिले अधिकारों का ध्यान रखा जाएगा। राजस्व विभाग के सभी कलेक्टर और संभागीय आयुक्तों को पत्र भेज कर सरकार ने संशोधित आदेश जारी किया है।

25 मार्च 2021 के जारी आदेश में राजस्व न्यायालय के पीठासीन अधिकारियों को न्यायाधीश संरक्षण अधिनियम 1985 के तहत संरक्षण की व्यवस्था है। राजस्व न्यायालय के पीठासीन अधिकारी बतौर न्यायाधीश कार्य करते हैं। अधिनियम की धारा 3(2) के अंतर्गत उन्हें संरक्षण प्राप्त है। न्यायिक आदेशों के खिलाफ सिविल कार्यवाही पीठासीन अधिकारियों पर नहीं की जा सकती है।

# पुलिस अफसरों को फंड का इस्तेमाल करने लिमिट तय

## एडीजी रैंक के अधिकारी सिर्फ 5 लाख कर सकेंगे खर्च

इंदौर। मप्र में पुलिस अफसरों को फंड का इस्तेमाल करने के लिए सरकार ने लिमिट(सीमा) तय कर दी है। नए नियम के अनुसार अधिकारियों को उनके रैंक के हिसाब से खर्च की अनुमति होगी। इस आशय का सरकार के आदेश के बाद प्रदेश पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने निर्देश जारी किया है। जारी निर्देश के अनुसार अब एडीजी रैंक के अधिकारी सिर्फ 5 लाख रुपए ही साल भर में कर खर्च सकेंगे। इसी तरह आईजी और डीआईजी 3 लाख, एसपी और कमांडेंट को 2 लाख रुपए का पावर है। पुलिसकर्मियों के इलाज और अस्पतालों में खरीदी के लिए अफसरों को पावर दिए गए हैं।

# मासूमों से अपराध के बाद एक्शन में पुलिस ने लिया बड़ा फैसला

## अब 10 साल का रिकॉर्ड खंगालकर होगी जांच

इंदौर। मध्यप्रदेश में मासूम बच्चों से बढ़ते यौन शोषण के मामले सामने आने के बाद मध्य प्रदेश डीजीपी सुधीर सक्सेना ने पुलिस अधिकारियों की एक बड़ी बैठक बुलाई। बैठक में उन्होंने यौन शोषण के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही अधिकारियों को डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि पिछले 10 साल में किसी भी तरह के यौन शोषण के आरोपियों की जांच करें। अगर संबंधित थाने के जगह आरोपी दूसरी जगह या दूसरे शहर में शिफ्ट हो गया है, तो स्थानीय पुलिस को आरोपी की जानकारी दी जाए।

सुधीर सक्सेना ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में यौन अपराधों की प्रभावी रोकथाम, यौन अपराधियों की सघन जांच और यौन अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान प्रदेश के सभी जोनल आईजी/एडीजी भोपाल एवं इंदोर कमिश्नरेट के आयुक्त, सभी जिलों के एसपी तथा इंदौर और भोपाल के पुलिस उपायुक्त मौजूद रहे।

### यौन अपराधों में संलिप्त लोगों की होगी जांच

डीजीपी सक्सेना ने निर्देशित किया की आज से ही लैंगिक अपराधों में संलिप्त रहे लोगों के विरूद्ध अभियान चलाकर प्रदेश के सभी थाना क्षेत्रों में विगत दस वर्षों में इस तरह के अपराधों में लिप्त रहे लोगों की सघन जांच एवं निगरानी सुनिश्चित करें। पुलिस के विभिन्न डाटा बेस से यौन अपराधियों को एक से अधिक बार इस तरह के अपराध को अंजाम देने वाले अपराधियों की जानकारी प्राप्त करें।

यदि वे अपना क्षेत्र छोडक़र अन्यत्र कहीं भी निवास कर रहे हों तो संबंधित पुलिस थाने को जानकारी दे ताकि उसकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा सके अपने-अपने थाना क्षेत्र में ऐसे अपराधियों की कोई भी गतिविधी या आचरण संदिग्ध या संदेहास्पद पाए जाने पर हिदायत दें एवं आवश्यक होने पर बॉउन्ड ओवर सहित कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### स्कूलों में सुप्रीमकोर्ट की गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित कराएं

स्कूल में बच्चों के साथ यौन शोषण के मामले में भी डीजीपी ने प्रदेश के सभी स्कूलों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षा के संबंध में जारी गाइडलाइन के अनुरूप जिला प्रशासन के सहयोग से सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों के समस्त स्टॉफ का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य कराया जाए। साथ ही स्कूल परिसर के आसपास के लोगों तथा रास्तों पर भी सजग चौकसी रहे /परिसर/वाहनों में सीसीटीवी कैमरों का चालू रहना सुनिश्चित किया जाए। किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि/संदेहास्पद व्यक्ति पाया जाने पर नजरअंदाज न करें, पूरी जाँच पड़ताल कर आवश्यक कदम उठाएं।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड,
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com